रोहतक
सोमवार, 18 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी वर्ष : 27, अंक : 326
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 24.7
न्यून. 6.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



05 भारत आठ विकेट से जीता, अर्शदीप और आवेश की आंधी में उड़ा अफ्रीका




## खबर संक्षेप

### रमन सिंह छत्तीसगढ़ विस के अध्यक्ष होंगे



**रायपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने रविवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। विधानसभा के एक अधिकारी ने बताया कि राजनांदगांव सीट से भाजपा विधायक सिंह ने राज्य विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। *हरिभूमि न्यूज*

### अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को दिया जहर !

**नई दिल्ली/कराची।** मुंबई के ताज होटल में 26/11 को हुए आतंकी हमले का मोस्ट वांटेड आतंकी माड्यूल के सरगना दाऊद इब्राहिम को किसी अज्ञात शख्स द्वारा जहर दे दिया है। इब्राहिम की हालत गंभीर है। दाऊद इब्राहिम को जहर दिए जाने की खबर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। हालांकि पाकिस्तान की किसी मीडिया ने नहीं की है। एजेंसी

### भारत ने किया आकाश मिसाइल प्रणाली की क्षमता का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारत ने 25 किलोमीटर की दूरी पर एक साथ चार हवाई लक्ष्यों को निशाना बनाने की आकाश मिसाइल प्रणाली की क्षमता का प्रदर्शन किया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने कहा कि भारत एकल फायरिंग इकाई का उपयोग करके ऐसी क्षमता रखने वाला पहला देश बन गया है। परीक्षण आईएएफ-एमसीसी द्वारा आकाश हथियार प्रणाली का उपयोग करके आयोजित किया गया था। भाषा

### 21 दिसंबर को होगी सीडब्ल्यूसी की बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा को लेकर 21 दिसंबर को सेंट्रल वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बुलाई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस हेडक्वार्टर में यह बैठक बुलाई है, जो 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक के दो दिन बाद होगी। बैठक का मुख्य एजेंडा सीट शेयरिंग और चुनावी कैंपेन होगा। *एजेंसी*

## महा आरती के साथ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का विधिवत शुभारंभ

# गीता अद्भुत, धार्मिक, भौतिक, दार्शनिक ग्रंथ : धनखड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पवित्र ग्रंथ गीता की महाआरती व महापूजन तथा गीता के श्लोकों के उच्चारण के बीच रविवार को कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 का आगाज हो गया। इसके साथ ही ब्रहमसरोवर के चारों तरफ पवित्र ग्रंथ गीता के श्लोकोच्चारण से पूरी फिजा गीतामय हो गई। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने पवित्र ग्रंथ गीता की महाआरती व महापूजन कर विधिवत रूप से 17 दिसंबर से 24 दिसंबर तक चलने वाले अअंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि गीता अद्भुत, धार्मिक, भौतिक, दार्शनिक, जीवन दर्शन प्रदान करने वाला व हर समस्या का हल करने वाला व अंदर से मजबूती देने वाला ग्रंथ है। इस दौरान आकाश में छोड़े गए रंग-बिरंगे हिंडोले मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। गीता महोत्सव-2023 में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ का धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र में पहुंचने पर अभिनंदन किया गया। इस महोत्सव में 18 हजार विद्यार्थियों के साथ वैश्विक गीता पाठ, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला, हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा विभिन्न राज्यों के कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, अंतर्राष्ट्रीय गीता सेमिनार, संत सम्मेलन, ब्रहमसरोवर की महाआरती, दीपोत्सव, 48 कोस के 164 तीर्थों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

### हम गीता के सार को नहीं मानेंगे तो मोह में पड़कर भटक जाएंगे



#### संविधान में भी गीता की बात निहित

उपराष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि यदि हम गीता के सार को नहीं मानेंगे तो मोह में पड़कर रास्ता भटक जाएंगे इसलिए कर्म करते रहना चाहिए फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए। धनखड़ ने कहा कि भारतीय संविधान में भी गीता की बात निहित है। गीता हमें एकता का पाठ पढ़ाती है इसलिए उसका अनुसरण करना आवश्यक है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत के ईस्टर्न क्षेत्र को विकसित करने के लिए लुक ईस्ट की शुरूआत की गई वहीं 8वें अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आसाम को स्टेट पार्टनर के रूप में शामिल किया गया है जो कि नार्थ ईस्ट के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गीता से मार्गदर्शन लेकर दो देशों के बीच युद्ध की स्थिति को आपसी बातचीत से हल करने का रास्ता दिखाया। कुरुक्षेत्र से ही गीता का ज्ञान शुरू होता है उसी का अनुसरण करते हुए भारत ने कोविड़ काल में 100 से अधिक देशों की सहायता कर मानवता के कल्याण का परिचय दिया।

#### यह रहेगा खास

- महोत्सव में 18000 विद्यार्थी के साथ वैदिक गीता पाठ का आयोजन होगा।
- 48 कोस के 164 तीर्थों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 17 से 24 दिसंबर तक चलेंगे।
- विभिन्न राज्यों के कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।
- अंतरराष्ट्रीय गीता सेमिनार, संत सम्मेलन, ब्रह्मसरोवर की महा आरती, दीपोत्सव आदि मुख्य आकर्षण के केंद्र रहेंगे।
- ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में असम पेवेलियन की स्थापना की गई है। पर्यटक असम की संस्कृति से रूबरू हो सकेंगे।

## पीएम ने दुनिया के सबसे बड़े और आधुनिक आभूषण केंद्र का किया उद्घाटन


**नए बोर्स से 1.5 लाख नौकरियां पैदा होंगी**

**पीएम बोले, सूरत की भव्यता में एक और हीरा जड़ गया**

# सूरत डायमंड बोर्स नए भारत की ताकत व संकल्प का प्रतीक : मोदी

भाषा ▶▶ सूरत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय हीरा और आभूषण कारोबार के लिए दुनिया का सबसे बड़ा और आधुनिक केंद्र 'सूरत डायमंड बोर्स' नए भारत की ताकत और संकल्प का प्रतीक है। मोदी ने सूरत के दौरे पर सूरत डायमंड बोर्स और शहर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। बाद में एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सूरत का हीरा उद्योग आठ लाख लोगों को रोजगार दे रहा है और नए बोर्स से 1.5 लाख और नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने कहा, ''सूरत की भव्यता में एक और हीरा जुड़ गया है। हीरा कोई छोटा-मोटा नहीं बल्कि दुनिया का सबसे बेहतरीन हीरा है। इस हीरे की चमक के आगे दुनिया की बड़ी-बड़ी इमारतें तक फीकी पड़ जाती हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''जब भी कोई दुनिया में इस डायमंड बोर्स की बात करेगा तो सूरत और भारत का जिक्र आएगा।'' मोदी ने कहा कि सूरत डायमंड बोर्स भारतीय डिजाइन, डिजाइनर, सामग्री और अवधारणा की क्षमता दिखाता है।




#### 67 लाख वर्ग फुट में फैला, 4,500 से अधिक दफ्तर

दुनिया के सबसे बड़े कार्यालय परिसर वाली सूरत डायमंड बोर्स (एसडीबी) इमारत 67 लाख वर्ग फुट से अधिक के क्षेत्र में फैली है और सूरत शहर के समीप खजोद गांव में स्थित है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह कच्चे और पॉलिश किए गए हीरों के साथ-साथ आभूषणों के व्यापार का एक वैश्विक केंद्र होगा। एसडीबी 'डायमंड रिसर्च एंड मर्केंटाइल (ड्रीम) सिटी' का हिस्सा है। एक विज्ञप्ति के अनुसार, एसडीबी अब दुनिया का सबसे बड़ा कार्यालय भवन है जिसमें करीब 4,500 हीरा व्यापार कार्यालय हैं। यह विशाल इमारत ड्रीम सिटी के भीतर 35.54 एकड़ जमीन पर बनी है जिसमें 300 वर्ग फुट से लेकर एक लाख वर्ग फुट तक के कार्यालयों के साथ 15 मंजिल वाले नौ टावर हैं।

#### सूरत एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरत के इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का भी लोकार्पण किया। टर्मिनल विस्तार प्रोजेक्ट में टर्मिनल बिल्डिंग और एप्रन का विस्तार व टैक्सी ट्रैक का निर्माण शामिल है। अब यात्रियों को 20 चेक इन काउंटर, 5 एरोब्रिज, 13 इमिग्रेशन काउंटर की सुविधाएं भी मिलेंगी। मौजूदा टर्मिनल इमारत 8474 वर्गमीटर में थी। विस्तार के बाद यह 25520 वर्गमीटर की हो गई है। पीक आवर्स के दौरान यह टर्मिनल 1800 यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा।टर्मिनल के अंदर गुजरात राज्य और सूरत शहर के कल्चर और संस्कृति को चित्रों के जरिए दर्शाया गया है। हवाई अड्डे की इस परियोजना की लागत लगभग 353.25 करोड़ रुपये है। एयरपोर्ट पर चार पहिया वाहनों, टैक्सियों, बसों, दोपहिया वाहनों के लिए एक विशाल पार्किंग एरिया और कर्मचारियों और वीआईपी के लिए भी एक पार्किंग बनाई गई है। टर्मिनल के उद्घाटन के बाद सूरत एयरपोर्ट की क्षमता दोगुना बढ़ जाएगी। ऐसे में यहां से दुबई, बैंकॉक, मलेशिया और सिंगापुर को डायरेक्ट फ्लाइट से जोड़ने की कवायद तेज हो गई है।

# संसद घुसपैठ मामले के आरोपियों के फोन मिले

**दिल्ली पुलिस को राजस्थान से जले हुए टुकड़े मिले | मास्टरमाइंड ललित झा लेकर भागा था फोन | जांच के लिए आरोपी को नागौर ले गई पुलिस**

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में सेंध लगने के चार दिन बाद दिल्ली पुलिस ने राजस्थान के नागौर से टूटे और जले हुए कुछ मोबाइल फोन के टुकड़े बरामद किये हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी में सबूत मिटाने से जुड़ी भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराएं जोड़ दी हैं। जांच से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि ललित झा की निशानदेही पर शनिवार को मोबाइल फोन के कुछ टुकड़े बरामद किए गए हैं, जो मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए छह लोगों में से एक है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की एक टीम शनिवार को झा को राजस्थान के नागौर ले गई जहां वह आरोपी महेश कुमावत की मदद से ठहरा था। सूत्रों ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने 13 दिसंबर को दर्ज प्राथमिकी में धारा 201 (साक्ष्य नष्ट करना/साक्ष्य गायब करना) सहित आईपीसी की और धाराएं जोड़ने का फैसला किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कड़े गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवाद के आरोप दर्ज किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि झा और कुमावत ने मामले से संबंधित तकनीकी सबूत छिपाने के लिए जानबूझकर मोबाइल फोन नष्ट कर दिए।



#### अब तक छह गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस ने संसद की सुरक्षा में सेंध के मामले में कथित संलिप्तता के लिए अब तक छह लोगों-सागर शर्मा, मनोरंजन डी, अमोल शिंदे, नीलम देवी, ललित झा और महेश कुमावत को गिरफ्तार किया है। आरोपी सागर शर्मा और मनोरंजन डी शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूद गए थे और उन्होंने 'केन' से पीली गैस उड़ाते हुए नारेबाजी की।

## सेना के लिए बनते हैं हथियार

### महाराष्ट्र: विस्फोटक बनाने वाली कंपनी में धमाका, 9 की मौत

**गोला-बारूद होने से बिल्डिंग भी ध्वस्त, मृतकों में 6 महिलाएं और 3 पुरुष**

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर के बाजारगांव में एक्सप्लोसिव कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड में रविवार को धमाका हो गया। इससे इमारत में आग लग गई। 12 लोग इसकी चपेट में आ गए। 9 की मौत हो गई और तीन घायल हैं। मरने वालों में 6 महिलाएं और 3 पुरुष हैं। नागपुर ग्रामीण एसपी हर्ष पोद्दार ने बताया, यह ब्लास्ट कास्ट बूस्टर प्लांट में पैकिंग के वक्त हुआ। धमाका इतना तेज था कि सी बी एच 2 प्लांट की इमारत भी ध्वस्त हो गई। इस फैक्ट्री में सेना के लिए हथियारों का निर्माण होता है। जिसके चलते भारी मात्रा में गोला-बारूद मौजूद था। वहीं ब्लास्ट के बाद जहरीला केमिकल पूरी प्लांट में फैल गया। इससे मौतों की संख्या बढ़ सकती है। यह कंपनी नागपुर अमरावती रोड पर बाजार गांव में स्थित है और शुरुआती जानकारी के मुताबिक यह विस्फोट सुबह करीब नौ बजे हुआ।

## घात लगाकर बरसाई गोलियां

### नक्सली हमले में सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर शहीद

**एक जवान घायल, छत्तीसगढ़ के सुकमा में सर्चिंग पर निकले थे**

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में रविवार सुबह नक्सलियों के हमले में सीआरपीएफ के एसआई शहीद हो गए हैं, जबकि एक जवान घायल है। मामला जगरगुंडा थाना क्षेत्र का है। चार दिन में जवानों पर ये तीसरा नक्सली हमला है, जिसमें जवान की शहादत हुई है। जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 7 बजे बेदरे गांव स्थित सीआरपीएफ 165वीं बटालियन के जवान सर्चिंग पर निकले थे। बाजार होते हुए जवान उर्सांगल की तरफ सर्चिंग कर रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने जवानों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। हालांकि, समय रहते जवानों ने भी मोर्चा संभाला और नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। करीब आधे घंटे तक दोनों तरफ से जबरदस्त गोलीबारी हुई। इस मुठभेड़ में नक्सलियों की गोली लगने से सीआरपीएफ के एसआई सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए जबकि एक अन्य जवान रामू को गोली लगी है।

## ईडी की बड़ी कार्रवाई

### मदुरै के समूह से जुड़ी 207 करोड़ की संपत्तियां की कुर्क

**तमिलनाडु पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज केस के आधार पर कार्रवाई**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को कहा कि उसने तमिलनाडु के मदुरै के एक समूह से संबंधित कथित धोखाधड़ी मामले में धन शोधन जांच के तहत 207 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। ईडी की जांच तमिलनाडु पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है। 'नियोमैक्स प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड' के खिलाफ निवेशकों की शिकायतों के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। ईडी ने एक बयान में कहा कि नियोमैक्स और इस समूह की कंपनियों ने कथित तौर पर ''12-30 प्रतिशत ब्याज के साथ उच्च रिटर्न का वादा करके कई निवेशकों को विभिन्न परियोजनाओं (प्लॉट विकास) में लाखों पैसे जमा कराकर धोखा दिया।'

## प्रदेश के 12 जिलों में कड़ाके की ठंड

### 14 जिलों में 20 तक छाएगी घनी धुंध, येलो अलर्ट जारी

**21-22 दिसंबर से फिर छाएंगे बादल और दिन में बढ़ेगी ठंड**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में मौसम अब लगातार ठंडा होता जा रहा है। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी और उत्तर पश्चिम की हवाओं के कारण हरियाणा में सामान्य के मुकाबले तापमान में 3.5 डिग्री की गिरावट आई है। राज्य के 22 जिलों में से 12 जिले ऐसे हैं जहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इन जिलों में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री से भी नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग ने भी 14 जिलों में 20 दिसंबर तक के लिए घनी धुंध का यलो अलर्ट जारी कर दिया है। सुबह-शाम इन शहरों में घनी धुंध छाएगी, जिससे आने जाने वाले लोगों को मुश्किल हो सकती है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ जिले ऐसे होंगे, जहां विजिबिलिटी शून्य तक पहुंच जाएगी। मौसम विभाग का कहना है कि राज्य में अगले 48 घंटों में फिर से मौसम बदलने की उम्मीद है। घनी धुंध और बादलवाई के कारण रात के तापमान में 2 डिग्री तक बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

**डीजीपी की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय**

# दहेज से जुड़ी शिकायतों में अब जांच पड़ताल के बाद ही दर्ज होगा केस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



**पुष्टि होने के बाद ही दर्ज होगा 48ए (दहेज) के तहत मुकदमा**

**प्रदेश में महिला विरुद्ध अपराध में 12% की कमी आई**

हरियाणा पुलिस द्वारा महिला विरोध अपराधों को रोकने के लिए किया जा रहे कार्यों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं जिसके चलते प्रदेश में वर्ष 2023 में महिलाओं के विरुद्ध अपराध में 12% तक कमी दर्ज की गई है। इसी प्रकार डकैती संबंधी मामलों में वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में 30%, छीना झपटी संबंधी मामलों में 18.33%, गंभीर चोट संबंधी मामलों में 8% की गिरावट दर्ज की गई है। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह जानकारी दी गई। इस बैठक में प्रदेश भर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में महिला सुरक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि हरियाणा पुलिस द्वारा पुलिस थानों में दर्ज 498 ए (दहेज ) के मुकदमों को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। अब महिला की शिकायत दर्ज करवाने के उपरांत सभी तथ्यों की जांच पड़ताल करते हुए केवल असली आरोपी के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा। जांच के दौरान निर्दोष लोगों के नाम निकालते हुए उन पर मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा । इस मामले में असली दोषियों के खिलाफ ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस निर्णय से निर्दोष लोगों को बड़े पैमाने पर राहत मिलेगी।

## हरियाणा में अगले साल नहीं बढ़ेगा बिजली का बिल

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के बिजली उपभोक्ताओं को सरकार ने बड़ी राहत दी है। हरियाणा की बिजली वितरण कंपनियों ने 2024-25 वित्तीय वर्ष के लिए कोई नया बिजली शुल्क प्रस्तावित नहीं किया है। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और हरियाणा बिजली वितरण निगम दोनों कंपनियों ने हरियाणा विद्युत नियामक आयोग के सामने दायर कर दी है। इसमें कंपनियों ने 35 हजार करोड़ रुपये की वार्षिक राजस्व आवश्यकताओं का प्रस्ताव दिया है। इसमें यूएसबीवीएन द्वारा दायर 17.33 हजार करोड़ रुपए भी शामिल हैं। हरियाणा में 2021-22 में लगाए गए और वापस लिए गए ईंधन अधिकार समायोजन शुल्क को छोड़कर कंपनियों ने तीन सालों से बिजली के बिल में कोई बढ़ोतरी नहीं की है।


**चेतावनी** नए अध्ययन में दावा, लत से काम पर ध्यान लगाने में आती है परेशानी

*सोशल मीडिया से दूरी बनाने पर काम का दबाव कम होता है*

# दिमाग दुरुस्त रखना है तो सोशल मीडिया से रहें दूर

एजेंसी ▶▶ दिल्ली

सोशल मीडिया का उपयोग 30 मिनट तक कम करके मानसिक स्वास्थ्य को दुरूस्त करने के साथ ही नौकरी के प्रति संतुष्टि की भावना में सुधार लाने में मदद मिलती है जबकि इसका लगातार उपयोग करने वाले लोगों को अपने काम पर ध्यान लगाने में मुश्किल होती है। एक नए अध्ययन में यह पाया गया है कि सोशल मीडिया का कम इस्तेमाल करने से उपयोगकर्ताओं को काम का दबाव कम महसूस होता है और उनमें बेचैनी या घबराहट भी कम होती है।



बेचैनी और घबराहट में के स्तर में भी कमी आती

अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि सोशल मीडिया से दूरी बनाने से लोगों को अपना काम करने का अधिक वक्त मिलता है और उन्हें ध्यान भटकने की समस्या भी कम होती है। पत्रिका 'बिहेवियर एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी' में प्रकाशित अध्ययन के लेखक जूलिया ब्रेलोवस्किया ने बताया कि कहा, ''जो लोग सोशल मीडिया फीड पर नजर रखने के लिए अपना काम रोक देते हैं, उनके लिए अपने काम पर ध्यान केंद्रित करना और मुश्किल हो जाता है। अध्ययन में 166 लोगों को शामिल किया जिनमें से सभी नौकरी करते थे और वे बिना काम के सोशल मीडिया पर हर दिन कम से कम 35 मिनट का वक्त बिताते हैं। ब्रेलोवस्किया ने कहा, ''इतने कम वक्त में भी हमने पाया कि जिन लोगों ने सोशल मीडिया पर हर दिन 30 मिनट से कम वक्त बिताया उनमें मानसिक स्वास्थ्य और नौकरी के प्रति संतुष्टि की भावना में सुधार आया।

#### नकारात्मक प्रभाव

- सोशल मीडिया का आवश्यकता से अधिक प्रयोग हमारे मस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव डालता है और हमें डिप्रेशन की ओर ले जाता है।
- सोशल मीडिया साइबर-बुलिंग को बढ़ावा देता है।
- इसका अधिक प्रयोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर सकता है।

#### भारत में क्या स्थिति

वर्तमान में भारत में तकरीबन 350 मिलियन सोशल मीडिया यूज़र हैं और अनुमान के मुताबिक यह संख्या अब लगभग 447 मिलियन तक पहुंच चुकी है। वर्ष 2019 में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय उपयोगकर्त्ता औसतन 2.4 घंटे सोशल मीडिया पर बिताते हैं। फिलीपींस के उपयोगकर्त्ता सोशल मीडिया का सबसे अधिक (औसतन 4 घंटे) प्रयोग करते हैं, जबकि इस आधार पर जापान में सबसे कम (45 मिनट) सोशल मीडिया का प्रयोग होता है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा और आप ने एक- दूसरे को घेरा

**चंडीगढ़।** प्रदेश में इन दिनों सभी राजनीतिक दल 2024 में प्रस्तावित लोकसभा विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे हुए हैं। भाजपा-कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी ने भी बदलाव यात्रा शुरू की है। पार्टी के नेता इस यात्रा का प्रमुख शहरों से शुरू कर रहे हैं। आप की इस यात्रा को लेकर हरियाणा भाजपा ने अपना विरोध जताया है। पार्टी की ओर से 1.08 मिनट का जनता सावधान स्लोगन के साथ एक वीडियो जारी किया गया है। इस वीडियो में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित पार्टी के अन्य नेताओं को लेकर सवाल उठाए हैं। भाजपा के वीडियो पर हरियाणा आप ने भी पलटवार किया है। आप नेता अनुराग ढांडा ने वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर निशाना साधा है।

### उपभोक्ता मंच की सुनवाई कल

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है । उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यूएचबीवीएन पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही 19 को अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय, सेक्टर-5, पंचकूला में की जाएगी।

### एकजुटता के साथ आगे बढ़े समाज: नायब सैनी



**जींद/ चंडीगढ़।** जींद में आयोजित सैनी महाकुंभ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर आगे बढ़ें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने कहा कि समाज में जो लोग पीछे रह गए हैं, उन्हें मजबूती के साथ आगे बढ़ाएं। सैनी ने कहा कि सैनी समाज अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। अनेक क्षेत्रों में समाज के लोगों ने उंचाइयों को छूआ है, इसलिए हमें अपने वंशजों, पूर्वजों के दिखाए रास्ते पर चलते हुए समाज को बुराईयों से बचाते हुए एकजुट होकर आगे बढ़ना है। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने दूसरे राज्यों से सैनी महाकुंभ में आए लोगों का धन्यवाद किया।

### अन्न और जल को बर्बाद करना पाप : रूंगटा

**पंचकूला।** अन्न और जल दोनों में भगवान विष्णु का वास होता है इसलिए इन दोनों को बर्बाद करने से मनुष्य पाप का भागीदार बनता है। अन्न को बर्बाद करने से बेहतर है कि वो किसी भूखे की भूख शांत करे। अन्न को बर्बाद करना शर्मनाक कृत्य है। यह बात समाजसेवी व श्री श्याम करुणा फाउंडेशन के संचालक अमिताभ रूंगटा ने इंडस्ट्रियल एरिया फेज 1 में 92 वें भण्डारे के आयोजन के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने व उनके सदस्यों की टीम ने राहगीरों, मजदूरों व जरूरतमंद लोगों को अन्न का भण्डारा परोसा। अमिताभ रूंगटा ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा कि समाज की विभिन्न संस्थाओं को अन्न की बर्बादी के लिए अभियान छेड़ना चाहिए और लोगों को इस संबंध में जागरूक करना चाहिए।

### असीमा का डिजिटल डायरी का विमोचन

**अंबाला/ चंडीगढ़।** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला की साइंस इंडस्ट्री पर अम्बाला का सबकुछ निर्भर करता है, उद्यमियों को बढ़ावा मिले इसके लिए राज्य सरकार साहा ग्रोथ सेंटर के विस्तार हेतु 2300 एकड़ भूमि की खरीद करने जा रही है। साइंस इंडस्ट्री के लिए ट्रांसपोर्टेशन बेहतर हो, इसके लिए ईर्स्टन डेडीकेटिड फ्रेट कॉरिडोर पर नए फ्रेट टर्मिनल निर्माण की प्रक्रिया भी चल रही है। विज देर रात अंबाला में असीमा (अम्बाला साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन) के डिजिटल डायरी के विमोचन कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि अम्बाला के साइंस उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे।

# मोदी के आगे पाक तो क्या, अफगानिस्तान की भी छूटती है कंपकंपी

## पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने मुंढाल गांव में पूर्व सैनिक सम्मेलन को संबोधित किया


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि 2014 के बाद भारत बदल चुका है। अब पहले वाला भारत नहीं कि पाक से आकर आतंकी हमारे सैनिकों के सिर काट कर ले जाए और मोनी बाबा व गुड़िया का खून न खोले। आज दिल्ली में शेर मोदी बैठा है। छोटी सी घटना पर भी पाक की सीमा में घुस कर बदला लिया जाता है। कैप्टन ने कहा कि आज पाकिस्तान ही नहीं, अफगानिस्तान , काबुल व कंधार में भी कोई भारत के खिलाफ सोचता है तो उसकी पिंडी कांपती हैं। जब रूस-यूक्रेन का युद्ध हुआ तो पीएम मोदी के कहने पर एक दिन भारतीय छात्रों को निकालने के लिए युद्ध रुका। यही नहीं, उस दिन भारतीयों के साथ पाकिस्तान के छात्र भी तिरंगा लेकर यूक्रेन से सुरक्षित बाहर निकले। पूर्व वित्तमंत्री रविवार को गांव मुंढाल में पूर्व सैनिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह व सोनिया गांधी के साथ हुड्डा व चौटाला परिवार पर जमकर कटाक्ष किए।

■ प्रदेश में बिना पर्ची- खर्ची मिल रही नौकरियां

### कांग्रेसियों के घर से निकल रहा काला धन

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि अब पीएम मोदी कांग्रेसियों का करोड़ों रुपये का काला धन निकाल रहे हैं। उड़ीसा में सांसद के घर 350 करोड़ रुपये की गिनती के दौरान मशीनें भी गर्म होकर खराब हो गई। उन्होंने बिना नाम लिए पूर्व सीएम के परिवार को निशाने पर लिया और कहा कि पहले हरियाणा में नौकरियों की लिस्ट घरों में बनती थी।



भिवानी। पूर्व सैनिक सम्मेलन में लोगों का अभिवादन करते पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।



भिवानी। पूर्व सैनिक सम्मेलन में उपस्थित जनसमूह।

### युवाओं को रोजगार मिल रहा

पर अब स्थिति उलट है। अब बिना पर्ची खर्ची की मेरिट के आधार पर नौकरियां दी जा रही है। ऐसे में पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के बच्चों को रोजगार के अवसर मिल रहे है। भाजपा सरकार ने पूरी तरह से खर्ची व पर्ची पर बंदिश लगा दी। सरकार प्रदेश में एक समान विकास कार्य करवा रही है। वहीं शाम के वक्त पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु रोहतक रोड स्थित स्व. चौ. रामकिशन डांढा के आवास पर पहुंचे और दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाया।

उन्होंने कहा कि चौ. रामकिशन डांढा एक समाजसेवक के साथ-साथ नेक दिल इंसान थे। वे समाज में फैली बुराइयों को मिटाने के लिए लोगों को जागरूक करते थे। साथ में गरीब व पिछड़े तबके के लोगों की मदद के लिए उनके घर के दरवाजे हमेशा खुले रहते थे।

### देश और प्रदेश में तेजी से हो रहा विकास

पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि देश में पीएम नरेंद्र मोदी तो प्रदेश में सीएम मनोहर लाल विकास कार्यों की गंगा बहा रहे है। पीएम नरेंद्र मोदी की बदौलत आज विश्व में भारत का डंका बजा है। विश्व के हर छोटे बड़े देश पीएम मोदी की तरफ देख रहे है। पीएम मोदी की नीतियों की बदौलत हर क्षेत्र में देश जबरदस्त तरक्की कर रहा है। वहीं सीएम मनोहर लाल की अगुवाई में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ है। विकास कार्यों की नई इबारत लिखी गई है।

# केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करें अधिकारी

■ मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश ■ विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर की अहम बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश के नागरिकों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और योजनाओं का मौके पर ही लाभ देने के लिए शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा से दिन-प्रतिदिन लाखों लोग जुड़ रहे हैं। मोदी की गारंटी की गाड़ी आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रही है। केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेवारी है।

- मोदी की गारंटी की गाड़ी जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सशक्त माध्यम : मुख्यमंत्री
- विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़े 11 लाख 19 हजार से ज्यादा लोग

मुख्यमंत्री शनिवार को देर सायं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों, जिला उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और जिला नगर आयुक्तों के साथ हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में सांसद और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े। उन्होंने ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने हेतु सरकार आपके द्वार की अवधारणा पर चलते हुए जनसंवाद कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

अब हमने विकसित भारत संकल्प यात्रा को जनसंवाद के साथ जोड़ा है, ताकि लोगों को केंद्र व राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने के साथ-साथ उनकी समस्याओं व शिकायतों का समाधान भी मौके पर ही सुनिश्चित किया जा सके।उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि यात्रा के दौरान जहां-जहां कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, उनमें हर विभाग के अधिकारी की उपस्थिति अवश्य सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी नागरिक को खाली हाथ न लौटना पड़े। उनकी शंकाओं का तुरंत समाधान किया जा सके। साथ ही, बिजली विभाग के एसडीओ स्तर तक का अधिकारी कार्यक्रमों में मौजूद रहे, ताकि बिजली से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न आए।



चंडीगढ़। अधिकारियों की बैठक लेते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### सफाई व्यवस्था को करें चाक-चौबंद, कूड़ा मिला तो कार्रवाई तय

मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में स्वच्छता अभियान पर पूरा फोकस किया जा रहा है, इसलिए शहरों में कहीं पर भी कूड़ा-कचरे के ढेर दिखाई नहीं देने चाहिए, यह जिला प्रशासन के अधिकारी सुनिश्चित करें। अगले सप्ताह से सीएम टीम या अधिकारी शहरों में अचानक दौरा करेगी और इस प्रकार के कचरे के ढेर दिखाई दिए तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### यात्रा को लेकर उत्साह का माहौल

बैठक में बताया गया कि हरियाणा विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद से अब तक 11 लाख 19 हजार से ज्यादा लोग जुड़ चुके हैं और दिन-प्रतिदिन यह संख्या बढ़ रही है। यात्रा के दौरान 1871 ग्राम पंचायतों और 51 शहरी क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका हैं। इन कार्यक्रमों में लोगों को मौके पर ही योजनाओं की जानकारी देकर उनसे आवेदन लिए जा रहे हैं। साथ ही, हेल्थ चेकअप पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार अंत्योदय दर्शन पर चलते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। सरकार जनता तक यही इस यात्रा का ध्येय है, इसलिए सभी अधिकारी पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। बैठक में मुख्य सचिव संजीव कौशल सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### महिला कबड्डी को वैश्विक स्तर पर मिलेगी पहचान

**चंडीगढ़।** भारत के स्वदेशी खेल कबड्डी को बढ़ावा देने और महिला कबड्डी के विकास व प्रचार के लिए हरियाणा सरकार ने आज होलिस्टक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (हिपसा) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। रविवार यहां आयोजित एमओयू हस्ताक्षर समारोह में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, आवासीय आयुक्त, हरियाणा भवन, नई दिल्ली डी. सुरेश और खेल विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क भी मौजूद रहे। इस अवसर पर वी उमाशंकर ने कहा कि एमओयू का उद्देश्य भारत के बाहर महिला कबड्डी को बढ़ावा देना है, जिसमें प्रवासी भारतीय महिलाओं पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ ओलंपिक में कबड्डी के खेल को शामिल करने की इच्छा है।

- हरियाणा ने हिपसा संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर
- कबड्डी को बढ़ावा देने के लिए अनुभवों, कौशल, तकनीकों, सूचना और ज्ञान का होगा आदान-प्रदान

एमओयू में राज्य सरकार और हिपसा के बीच एथलीटों और एथलेटिक टीमों के प्रशिक्षण, प्रतिस्पर्धा, वैश्विक युवाओं को प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता सहित विभिन्न सहयोग के क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा, दोनों पक्षों की ओर से अनुभवों, कौशल, तकनीकों, सूचना और ज्ञान का आदान-प्रदान भी किया जाएगा।

## सरकार ने बच्चों का भविष्य अंधकार में धकेला : गुप्ता

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी की प्रदेश स्तरीय बदलाव यात्रा के तीसरे दिन आप नेताओं ने प्रदेश में बदहाल शिक्षा व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेरा। एक तरफ जहां स्कूलों की खस्ता हालत के चलते नौनिहाल डर के साए में पढ़ने को मजबूर हैं, वहीं स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव के चलते सरकार को हाईकोर्ट की फटकार का सामना भी करना पड़ा।

बदलाव यात्रा के तीसरे दिन प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता पलवल में रहे। प्रदेश प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर सिरसा, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा रेवाड़ी और राष्ट्रीय संयुक्त सचिव चौधरी निर्मल सिह अंबाला में रहे। गुप्ता ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को लेकर हाईकोर्ट ने भी फटकार लगाई है।



## अनदेखी से कर्मचारी आहत



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों का भरोसा पूरी तरह से खो चुकी है। भरोसा टूटने के कारण ही किसी न किसी महकमे के कर्मी हर रोज हड़ताल पर जा रहे हैं। कर्मचारियों से चुनाव के वक्त किए वायदे 4 साल बीतने पर गठबंधन सरकार पूरे नहीं कर पाई है। ऐसे में मांगें मनवाने के लिए हड़ताल पर जाना कर्मचारियों की मजबूरी है, लेकिन इसका खामियाजा प्रदेश के आमजन को भुगतना पड़ रहा है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने सरकार को कई मुद्दों पर घेरा।

### इनेलो ने अनुसूचित जाति और महिला प्रकोष्ठ का विस्तार किया

**चंडीगढ़।** इनेलो सुप्रीमो एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश चौटाला ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श उपरांत राज्य अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ एवं राज्य महिला प्रकोष्ठ समेत प्रदेश कार्यकारिणी में की नियुक्तियां। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ में 84 लोगों को जगह दी गई है। इनेलो पार्टी ने रविवार को नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची जारी की।अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की सूची जारी करते हुए इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने कहा कि पार्टी में नई नियुक्तियां करने से पार्टी संगठन और मजबूत होगा और इसका असर आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में देखने को मिलेगा।

### संवर्धिनी समागम में पहुंची हजारों महिलाएं

**चंडीगढ़/ गुरुग्राम।** मानेसर में रविवार को आयोजित संवर्धिनी समागम में हजारों जागरूक महिलाएं समाज उत्थान में अपनी भूमिका पर मंथन करने पहुंची। मानेसर में उमड़ी नारी शक्ति में विचारों की शक्ति दिखाई। दिखाया कि कैसे महिलाएं अपनी जागरुकता से समाज को सशक्त बना रही है। यहां बोलते हुए अखिल भारतीय महिला समन्वय सह संयोजिका सुश्री भाग्यश्री साठे ने कहा कि भारतीय दृष्टिकोण में नारी का स्थान सर्वोपरि है।

# विधानसभा सत्र में अवैध शराब से मौतों का मामला उठाने की तैयारी में विपक्ष

**सोमवार को सुबह ग्यारह बजे शुरू होगी विस सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही**

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा शीतकालीन सत्र की सोमवार को दूसरे दिन की कार्यवाही सुबह 11 बजे से ही चलेगी । प्रदेश में जहरीली शराब पीने से दो दर्जन मौतों के मामले और कुछ अन्य मुद्दों पर विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच भिड़ंत व हंगामे के आसार हैं। कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री और विधायक गीता भुक्कल एक बार फिर से डिप्टी सीएम द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों को लेकर हमले की तैयारी में जुट गई हैं। सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही को लेकर सत्ता पक्ष पर हमले के लिए विपक्ष तैयारी में है। सोमवार को शीतकालीन सत्र के दूसरा दिन की कार्यवाही सुबह 11 बज से शुरू होगी। सत्र की शुरुआत शुक्रवार से हुई थी। पहले ही दिन कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के बीच अच्छी खासी तू-तू, मैं-मैं हुई थी।

■ पहले दिन सदस्यों में हुई थी कई मुद्दों पर चर्चा

सोमवार की सुबह 11 बजे शुरू होने वाला सत्र एक बार फिर से हंगामेदार होने और कड़ी सुरक्षा के पहरे में होगा। हरियाणा विधानसभा के अंदर दूसरे दिन भी मंत्रियो विधायकों का स्टाफ प्रवेश नहीं कर सकेगा। इतना ही नहीं लोकसभा के घटनाक्रम बुधवार की घटना के बाद हरियाणा विधानसभा अब दर्शक दीर्घा में बैठना और अपने विधायक के साथ में अंदर एंट्री का काम बंद हो गया है। विधायक भी अब जांच पड़ताल के बाद ही दर्शक दीर्घा में आने वालों की संस्तुति करेंगे। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने चंडीगढ़ हरियाणा और पंजाब के पुलिस अधिकारियों से विचार विमर्श के बाद दर्शक दीर्घा के लिए समय सीमा निश्चित कर एक-एक घंटे का पास जारी करने की व्यवस्था की है। सत्र देखने आने वालों को कड़ी सुरक्षा के पहले और जांच पड़ताल से गुजरना होगा।

### कड़ी सुरक्षा का पहरा, दर्शक दीर्घा खाली



लोकसभा घटनाक्रम के बाद हरियाणा विधानसभा में भी कड़ी सुरक्षा का पहरा लगा दिया है । कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था और तीन से चार चक्र सुरक्षा के कारण पहले दिन दर्शक दीर्घा शुरुआत में तो पूरी तरह से खाली नजर आई। बाद में मात्र चार-पांच लोगों ने सदन की पहले दिन की कार्यवाही देखी थी। कुल मिलाकर हरियाणा विधानसभा शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भी हंगामे और भिड़ंत के आसार हैं। वैसे, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता सुरक्षा मामले को लेकर दो बार पुलिस अफसरों से चिंतन-मंथन कर चुके हैं। कांग्रेस विधायक और इनेलो विधायक अभय चौटाला भाजपा और जननायक जनता पार्टी दोनों पर हमले के लिए तैयार हैं।

### सत्र के बचे दोनों दिन हंगामेदार रहेगा माहौल

शीतकालीन सत्र ठंड के बीच दूसरे और अंतिम तीसरे दिन भी सदन की कार्यवाही हंगामेदार रहने की संभावनाएं हैं। इसके लिए विपक्ष और सत्तापक्ष तैयारी से एक दूसरे पर हमला बोलेंगे। कांग्रेस के सभी विधायकों द्वारा एक बार फिर से जहरीली शराब से मौतों, फसल खराबे, कानून व्यवस्था , साइबर अपराधों को लेकर हमले की तैयारी है। सत्तापक्ष इस छोटे और संक्षिप्त सत्र के दौरान सदन में अपना जरूरी बिजनेस निपटाने की तैयारी में है। इनेलो विधायक और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के चाचा अभय चौटाला पहले ही दिन से आक्रामक नजर आ रहे हैं। उन्होंने भतीजे डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला पर जहां उनके विभागों को लेकर हमला बोला वहीं स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता पर भी डिप्टी सीएम को बचाने के आरोप लगाए थे।

## लोगों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी

**चंडीगढ़।** भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को लेकर केंद्र व राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से योजनाओं का लाभ पहुंचे।

हरियाणा में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम योजनाओं का लाभ देने के लिए सशक्त माध्यम बन कर उभर रही है। यात्रा में जनभागीदारी बढ़ाने व समाज के लिए अच्छा कार्य करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से स्थानीय स्तर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। यात्रा के 18वें दिन प्रदेशभर में 153 स्थानों पर एक लाख 20 हजार से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। इस दौरान 69673 पुरुषों व 50415 महिलाओं ने भाग लिया। इस मौके पर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई।


**कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था जिसमें यहां नीचे वर्णित कर्जदारों / सह-कर्जदारों को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कहा गया। कर्जदार द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने पर, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी।

"कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों) का नाम हिसार शाखा | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| श्री धर्मबीर, श्रीमती मुकेश, और धर्मबीर मिल्क डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10441223) | खसरा नं. 175//16(8-0), 17(8-0), 23/2(7-0), 24/1(5-0), 176//20(6-16), किला 5 गांव कापरो, तहसील खेड़ी, जिला हिसार, हरियाणा, 125039 में शामिल खेवट नं. 185मिन//157, खतौनी नं. 296 में से सम्पत्ति क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 3744.00, 2308.00, 1846.00 | रु. 767899.00/- (रुपये सात लाख सड़सठ हजार आठ सौ निन्यानवे केवल) | 21-सित.-2023 | 13-दिस.-23 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ नं. 2907-08, द्वितीय तल, कर्णाटका बैंक के साथ में, सेक्टर-22 सी, चण्डीगढ़-160022/अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हिसार दिनांक : 18.12.2023 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड




खबर संक्षेप

## पानी की टंकी फटने से महिला व लड़की की मौत

**नाहड़।** नाहड़ खंड के गांव कृष्ण नगर में रविवार को ईंट भट्ठे पर धमाके के साथ पानी की टंकी फट गई, जिससे दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने भट्ठा मालिक पर केस भी दर्ज कर लिया है। गांव में कृष्ण नगर के विनोद के भट्ठे पर रविवार सुबह मजदूर आसाम निवासी 17 वर्षीय रशीदा खातुन टंकी पर पानी भर रही थी कि धमाके के साथ टंकी फट गई, जिससे 25 वर्षीय गर्भवती महिला किरण व रशीदा खातून की टंकी के मलबे के नीचे दबकर मौत हो गई।

## सेना की नई गाड़ी में मिला ड्राइवर का शव

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर सर्विस रोड पर खड़ी सेना की नई गाड़ी में संदिग्ध हालत में चालक का शव मिला। सड़क मार्ग से गुजर रहे सेना के जवान ने गाड़ी को देखकर जांच की। खिड़की खोलने पर परिचालक सीट पर चालक का शव मिला। बहालगढ़ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया। परिजनों के आने के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# लिव इन में रह रही युवती की गला दबाकर हत्या

■ प्रेमी ने चुनरी से गला दबाकर वारदात को दिया अंजाम, काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र में सहमति संबंध में रह रही महिला की उसके प्रेमी ने चुनरी से गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपित भाग निकला। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सबूत जुटाए। महिला करीब ढाई साल से अपने पति से अलग रह रही थी। वह एक साल से प्रेमी संग कुंडली में रहती थी। पुलिस ने चेयरपर्सन के बेटे के बयान पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसने चरित्र पर संदेह के चलते वारदात को अंजाम देना कबूल किया है। गांव कुंडली निवासी रोहित ने बताया कि उनकी मां शिमला देवी नगरपालिका की चेयरपर्सन है। कुंडली निवासी प्रताप सिंह के मकान में भिवानी के गांव लोहानी निवासी अनिल शर्मा किराए पर रहते हैं। उनके साथ पूजा (29) भी सहमति संबंध में रह रही थी। रात को दोनों में झगड़ा हुआ था। रविवार सुबह बताया गया है कि अनिल ने पूजा की चुनरी से गला दबाकर हत्या कर दी थी।



सोनीपत। वारदात स्थल पर जांच करते हुए पुलिस कर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

### 11 साल पहले हुई थी पूजा की शादी

उत्तर प्रदेश के जिला हाथरस के गांव केरल की रहने वाली पूजा की शादी करीब 11 साल पहले सोनीपत के गांव भैंसवाल में हुई थी।पूजा को अपने पति से 10 साल की बेटी है। वह अप्रैल, 2021 में अपने पति से मनमुटाव होने पर घर छोड़कर आ गई थी। पूजा की सोशल मीडिया पर अनिल शर्मा के साथ दोस्ती हो गई थी। मुलाकात के बाद दोनों एक साथ रहने लगे। करीब साल भर पहले वह प्रताप सिंह के मकान में आकर रहने लगे थे। अनिल अविवाहित है।

### चरित्र पर संदेह के चलते हत्या करना कबूला

महिला की गला दबाकर हत्या की गई है। शव को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। गिरफ्तार हत्यारोपित ने चरित्र संदेह के चलते हत्या करने की वारदात को कबूला है।
- **ऋषिकांत**, प्रभारी, कुंडली थाना।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा से पात्रों को मिल रहा योजनाओं का लाभ : त्रिखा

**फरीदाबाद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों में लोगों उनके घर द्वार पर सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर मिल रही है। वहीं लोगों की परिवार पहचान पत्र में त्रुटि दूर करने सहित अन्य आन लाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर अपलोड सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं के लाभार्थियों के आवेदन अप लोड किए जा रहे हैं। प्रदेश में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज रविवार को फरीदाबाद के शहरी क्षेत्र में मैन मार्केट सैनिक कॉलोनी, वार्ड 16 में पहुंचने पर वहां के निवासियों ने यात्रा वाहन का भव्य स्वागत किया। विधायक सीमा त्रिखा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

# लड़की बनकर इंस्टा पर युवक से दोस्ती, फिर ठगे 3.13 लाख

**फरीदाबाद।** सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर लड़की की आईडी बनाकर साइबर ठगी करने वाले आरोपी को साइबर थाना एनआईटी प्रभारी नवीन कुमार के नेतृत्व में सुरजपुर गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दिलशाद हुसैन उर्फ दिल्लू उर्फ कादर बिहार गोपाल गंज जिले के गांव कपुरचिक का रहने वाला है तथा वर्तमान में गांव सुरजपुर गौतमबुद्ध नगर में रह रहा है। इंस्टाग्राम पर शिकायतकर्ता कमल के पास अंजली नाम की लडक़ी की फ्रैंड रिक्वट आई। जिसपर कमल की लडक़ी बनी आरोपी से चैट होने लगी। तब कमल के पास आरोपी का फोन आया कि वह अंजली के हॉस्टल इंचार्ज बोल रहा है। अंजली हॉस्टल से भाग गई है और वह तुमसे मिलने गई थी उसका मर्डर हो गया है और मर्डर तूने किया है। मर्डर वाली बात किसी को नही बताने के लिए उसने 20000 रूपए मांगे, पीड़ित कमल ने डरकर पेटीएम के माध्यम से 15000 रूपए आरोपी ट्रांसफर कर दिए। फिर 22 सितम्बर को आरोपी ने डीएसपी राहुल बनकर बात की और कहा कि अंजली का मर्डर तूने किया है।

# जिसने हमें सब कुछ दिया, उसे ही भूल बैठे


■ परमसंत सतगुरु कंवर साहेब जी महाराज ने रोहतक में फरमाया सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



हैरानी की बात है कि जिसने हमें सब कुछ दिया हम उसे ही भूल बैठे। दुख जब दिखता है तो परमात्मा याद आता है लेकिन सुख में सबसे पहले हम परमात्मा को ही भुल जाते हैं। अगर सुख में उसे याद कर ले तो दुख आएगा ही नहीं। सन्त हमें यही चेतावनी देने धरा पर आते हैं। यह सत्संग वाणी राधास्वामी दिनोद के परमसंत सतगुरु कँवर साहेब जी महाराज ने रोहतक के गोहाना रोड पर स्थित राधास्वामी आश्रम में साध संगत के समक्ष प्रकट की। हुजूर कंवर साहेब ने फरमाया कि कहने में सब सुखी लगते हैं लेकिन वास्तविक रूप से अगर देखा जाए तो सब ही दुखी हैं। किसी को शारिरिक दुख है किसी को मानसिक तो किसी को आत्मिक। इंसान ठोकर लगने पर एक बार तो चेतता है लेकिन फिर गाफिल हो जाता है। इंसान संसार के पदार्थो में खुशी ढूंढता है। कितने ही बड़े धनवानों से सेठ साहूकारों राजाओ से पूछ लो,सब दुखी हैं।

प्रश्न उठता है फिर सुख किस में है। सुख है केवल परमात्मा की भक्ति में। उन्होंने कहा कि कितने उदाहरण भरे पड़े हैं कि सच्चे सुख की चाह में कितनो ने अपना राज पाट त्याग दिया।



## खबर संक्षेप



### भारतीय महिला टीम बेल्जियम से हारी

**वेलेंसिया।** भारतीय महिला हॉकी टीम का पांच देशों के टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन जारी रहा और उसे अपने दूसरे मैच में बेल्जियम से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की यह लगातार दूसरी हार है। वह अपने पहले मैच में स्पेन से 2-3 से हार गई थी। बेल्जियम की तरफ से एंब्रे बैलेन्घियेन (22वें मिनट) और लुईस वर्सावेल (37वें) ने गोल किए। शनिवार को खेले गए इस मैच में भारत की तरफ से एकमात्र गोल वैष्णवी विट्ठल फाल्के (56वें) ने किया। भारतीय टीम अपना अगला मैच 19 दिसंबर को जर्मनी के खिलाफ खेलेगी।

### मनीष की गेंदबाजी संदिग्ध, लगा बैन



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के लिए 19 दिसंबर को दुंबई में खिलाड़ियों का ऑक्शन आयोजित किया जाएगा। बीसीसीआई ने ऑक्शन से पहले गेंदबाजों के संदिग्ध एक्शन की लिस्ट फ्रेंचाइजियों को सौंपी है। भारतीय बल्लेबाज मनीष पांडे की गेंदबाजी एक्शन को बीसीसीआई ने पूरी तरह से संदिग्ध मानते हुए बैन कर दिया है। इसके अलावा अलावा कर्नाटक के केएल श्रीजित को भी गेंदबाजी एक्शन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। संदिग्ध लिस्ट में गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के चिराग गांधी, हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के गुलेरिया, केरल क्रिकेट एसोसिएशन के रोहन कुन्नुमल और सलमान निजार, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के तनुश कोटियन, विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन के सौरभ दुबे और अर्पित के नाम शामिल हैं।

### कुछ मैचों की मेजबानी के बारे में सोचे भारत

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के आंतरिक सर्कुलर के अनुसार देश में फुटबॉल की संचालन संस्था सऊदी अरब में होने वाले 2034 फीफा विश्व कप के कुछ मैचों की मेजबानी की योजना पर विचार कर रही है। पिछले महीने फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने 31 अक्टूबर की समय सीमा समाप्त होने के बाद पुष्टि की थी कि सऊदी अरब 2034 विश्व कप की मेजबानी के लिए बोली लगाने वाला एकमात्र देश है। एशियाई फुटबॉल परिसंघ की 18 अक्टूबर को हुई आपात कांग्रेस में सऊदी अरब की दावेदारी का समर्थन किया गया था।



### एबेन्यो और केबेडे ने जीते कोलकाता 25के खिताब



**कोलकाता।** कीनिया के डेनियल सिमियू एबेन्यो और इथियोपिया की सुटुमे असेफा केबेडे ने रविवार को यहां टाटा स्टील कोलकाता 25के (25 किमी) में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में नया मीट रिकॉर्ड बनाते हुए खिताब अपने नाम किये। इबेन्यो ने एक घंटे 11 मिनट और 13 सेकेंड का समय निकालकर साथी कीनियाई एथलीट लियोनार्ड बारसोटोन्स के एक घंटे 12 मिनट 49 सेकेंड के रिकॉर्ड में सुधार किया। कीनिया के विक्टर किप्रुतो टोगोम 1:12:26 के समय से दूसरे और इथियोपिया के डेमेके 1:13:36 के समय से तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महिलाओं के वर्ग में इथियोपिया की यालेमजर्फ येहुआलों खिताब जीतने की प्रबल दावेदार थीं लेकिन केबेडे 1:18:47 के समय से पहला स्थान हासिल करने में सफल रहीं। येहुआलों ने 1:19:26 के समय से दूसरा और कीनिया की बेटी चेपकेमोई किबेत ने 1:21:43 के समय से तीसरा स्थान प्राप्त किया।




### अर्शदीप 5 विकेट लेने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज

भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने दक्षिण अफ्रीका में इतिहास रच दिया। उन्होंने तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में सनसनीखेज गेंदबाजी की। अर्शदीप ने 37 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए। वह दक्षिण अफ्रीका में एक वनडे मैच में पांच विकेट लेने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बन गए। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य रिकॉर्ड भी बनाए। अर्शदीप और आवेश की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने कुल नौ विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किसी वनडे मैच में भारत के तेज गेंदबाजों का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले 1993 में भारतीय तेज गेंदबाजों ने मोहाली में आठ विकेट लिए थे। 2013 में सेंचुरियन में भी तेज गेंदबाजों को कुल आठ सफलता मिली थी।

**वनडे : 200 गेंद बाकी रहते सिर्फ 17 ओवर में जीती टीम इंडिया**

# भारत आठ विकेट से जीता, अर्शदीप और आवेश की आंधी में उड़ा अफ्रीका

एजेंसी ⏭ जोहानिसबर्ग

भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और आवेश खान की शानदार गेंदबाजी से पहले एकदिवसीय में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका की पारी को सस्ते में समेटने के बाद 200 गेंद बाकी रहते आठ विकेट की प्रभावशाली जीत दर्ज की। इस जीत से टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली। अपने शुरुआती तीन वनडे में एक भी विकेट लेने में विफल रहे अर्शदीप ने 10 ओवर के कोटे में 37 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि आवेश ने आठ ओवर में 27 रन पर चार विकेट चटकाए। एक सफलता कुलदीप यादव को मिली।

विश्व कप के बाद अपना पहला एकदिवसीय खेल रहे भारत ने 27.3 ओवर के अंदर महज 116 रन पर दक्षिण अफ्रीका की पारी को समेटने के बाद सिर्फ 16.4 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### दक्षिण अफ्रीका की पारी 28 ओवर में केवल 116 रन पर सिमटी

राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण कर रहे साई सुदर्शन ने लक्ष्य का पीछा करने के दौरान अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित करते हुए 43 गेंद में नौ चौके की मदद से नाबाद 55 रन बनाए। उन्होंने श्रेयस अय्यर के साथ दूसरे विकेट के लिए 73 गेंद में 88 रन की साझेदारी की। अय्यर ने 45 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्के की मदद से 52 रन बनाए।



### साई सुदर्शन का डेब्यू

भारत से लेफ्ट हैंड बैटर साई सुदर्शन को डेब्यू का मौका मिला। वह ऋतुराज गायकवाड के साथ ओपनिंग करने उतरे। टीम में संजू सैमसन और तिलक वर्मा को भी मौका मिला। गेंदबाजों में अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की स्पिन जोड़ी के साथ अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मुकेश कुमार के रूप में 3 पेसर्स शामिल किए गए।

### 16 रन में गंवाए 5 विकेट

साउथ अफ्रीका का स्कोर 7.4 ओवर में 42 रन पर 2 विकेट था। लेकिन टीम ने अगले 16 ही रन जोड़ने में 5 विकेट गंवा दिए और 13 ओवर के बाद स्कोर 58/7 हो गया। साउथ अफ्रीका से टोनी डी जॉर्जी, हेनरिक क्लासन, ऐडन मार्करम, वायन मुल्डर और डेविड मिलर आउट हुए। शुरुआती 10 ओवर में साउथ अफ्रीका को चारों झटके अर्शदीप सिंह ने दिए। वहीं 11वें के बाद आवेश ने भी 4 विकेट झटक लिए।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रीजा हेंड्रिक्स बो अर्शदीप | 00 | 08 | 0 | 0 |
| जोरजी का राहुल बो अर्शदीप | 28 | 22 | 2 | 2 |
| रासी वैन पगबाधा अर्शदीप | 00 | 01 | 0 | 0 |
| एडेन मार्कराम बो आवेश | 12 | 21 | 2 | 0 |
| हेनरिच क्लासेन बो अर्शदीप | 06 | 09 | 1 | 0 |
| मिलर का राहुल बो आवेश | 02 | 07 | 0 | 0 |
| मुलडर पगबाधा आवेश | 00 | 01 | 0 | 0 |
| एंडिले पगबाधा अर्शदीप | 33 | 49 | 3 | 2 |
| केशव का गायकवाड़ बो आवेश | 04 | 07 | 1 | 0 |
| नान्द्रे बर्गर बो कुलदीप | 07 | 32 | 0 | 0 |
| तबरेज शम्सी नाबाद | 11 | 08 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 27.3 ओवर में 116/10
गेंदबाजी : मुकेश 7-0-46-0, अर्शदीप 10-0-37-5, आवेश 8-3-27-4, कुलदीप 2.3-0-3-1.

| भारत दूसरी पारी : | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ऋतुराज पगबाधा मुलडर | 05 | 10 | 1 | 0 |
| साई सुदर्शन नाबाद | 55 | 43 | 9 | 0 |
| अय्यर का मिलर बो फेहलुकवायो | 52 | 45 | 6 | 1 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 01 | 03 | 0 | 0 |


अतिरिक्त : 04, कुल : 16.4 ओवर में 117/2
गेंदबाजी : बर्गर 5.4-1- 35-0, मुलडर 4-0-26-1, महाराज 3-0-19-0, शम्सी 3-0-22-0, फेहलुकवायो 1-0-15-1

## ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 360 रन से रौंदा, लियोन के टेस्ट में 500 विकेट

एजेंसी ⏭ पर्थ

ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन रविवार को यहां पर्थ की खतरनाक पिच पर पाकिस्तान को 360 रन से हरा दिया जिसमें नाथन लियोन ने 500 टेस्ट विकेट की उपलब्धि अपने नाम की। पाकिस्तान की दूसरी पारी चौथे दिन के अंतिम सत्र में 89 रन में सिमट गई जिससे उसे ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में लगातार 15वीं शिकस्त झेलनी पड़ी। मेजबान टीम ने लंच के आधे घंटे बाद पांच विकेट पर 233 पर दूसरी पारी घोषित कर पाकिस्तान को जीत के लिए 450 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया।

हेजलवुड (13 रन देकर तीन विकेट) और स्टार्क (31 रन देकर तीन विकेट) ने मिलकर छह विकेट झटके जबकि कमिंस ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम (14 रन) को आउट किया जो उनकी गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। लियोन ने फहीम अशरफ को पगबाधा के रैफरल में सफलता हासिल कर अपने 500वें विकेट की उपलब्धि हासिल की जिसके बाद सभी खिलाड़ियों ने उन्हें गले लगा लिया। उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट झटके।




### भारत नए मानदंड गढ़ने वाला देश

**नई दिल्ली।** ओलंपियन राइफल निशानेबाज अंजुम मौदगिल का मानना है कि भारत में निशानेबाजी का स्तर दुनिया के किसी अन्य देश से काफी ऊंचा है। दस मीटर एयर राइफल में विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता अंजुम ने कहा कि भारतीय निशानेबाज घरेलू प्रतियोगिताओं में कई मौकों पर विश्व रिकॉर्ड स्कोर बेहतर कर रहे थे, जो इस बात का साफ संकेत है कि देश में यह खेल एक अलग स्तर पर पहुंच गया है। अंजुम ने यहां कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में खेलो इंडिया पैरा खेलों के इतर कहा, 'पहला एथलीट वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर हम अपनी राष्ट्रीय चैंपियनशिप को देखें, तो कई बार स्कोर अंतरराष्ट्रीय स्कोर से भी ऊपर हो जाते हैं।'

### सतीश ओडिशा मास्टर्स के एकल और तनीषा-ध्रुव मिश्रित चैंपियन



**कटक।** भारत के सतीश कुमार करुणाकरन ने रविवार को यहां ओडिशा मास्टर्स के ऑल इंडियन पुरुष एकल फाइनल में विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी को हराकर अपना पहला बीडब्लूएफ सुपर 100 खिताब जीता।

मौजूदा सत्र में इंडिया इंटरनेशनल का खिताब जीतने वाले 22 साल के सतीश ने रोमांचक फाइनल में आयुष को 21-18, 19-21, 21-14 से हराया। तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय जोड़ी ने भी यहां बेहद रोमांचक फाइनल में ही योंग केइ टेरी और टेन वेइ हेन जेसिका की सिंगापुर की जोड़ी को तीन गेम में हराकर मिश्रित युगल का खिताब जीता। बीस साल की तनीषा और 23 साल के ध्रुव ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए एक घंटे और 14 मिनट में 17-21, 21-19, 23-21 से जीत दर्ज की।

### किशन टेस्ट से बाहर भरत लेंगे उनकी जगह

**सेंचुरियन।** भारतीय टीम के मुख्य विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन व्यक्तिगत कारणों से स्वदेश रवाना हो गए हैं। कोना भरत को मुख्य टीम में शामिल किया गया है जो इस समय कप्तान के तौर पर भारत 'ए' टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका में हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा, 'ईशान किशन ने व्यक्तिगत कारणों से बीसीसीआई से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए रिलीज किए जाने का अनुरोध किया है। इसलिए इस विकेटकीपर को टेस्ट टीम से हटा दिया गया है। पुरुष चयन समिति ने केएस भरत को उनकी जगह शामिल किया है।'



### बांग्लादेश ने यूएई को हराकर अंडर-19 एशिया कप जीता

**दुबई।** विकेटकीपर बल्लेबाज आशिकुर रहमान शिबली के शानदार शतक की बदौलत बांग्लादेश ने रविवार को यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 195 रन से रौंदकर अंडर-19 एशिया कप जीत लिया। आशिकुर रहमान का यह टूर्नामेंट के पांच मैचों में दूसरा शतक है। पारी का आगाज करते हुए आशिकुर रहमान ने 149 गेंद में 129 रन बनाये जिसमें 12 चौके और एक छक्का जड़ा था। इससे बांग्लादेश ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आठ विकेट पर 282 रन बनाये। जवाब में यूएई की टीम 24.5 ओवर में 87 रन पर सिमट गयी और बांग्लादेश ने आठ देशों का टूर्नामेंट जीत लिया।

### यंग के शतक से न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 44 रन से हराया



**डुनेडिन।** विल यंग के 105 रन और टॉम लाथम के 92 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने रविवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ बारिश के कारण 30-30 ओवर के किए गए पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 44 रन से जीत हासिल की। न्यूजीलैंड ने सात विकेट पर 239 रन बनाए। बारिश के कारण डकवर्थ लुईस पद्धति से बांग्लादेश को जीत के लिए 245 रन का लक्ष्य मिला लेकिन मेहमान टीम 30 ओवर में नौ विकेट पर 200 रन ही बना सकी।

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 7 विकेट से रौंदा, फिल साल्ट का शतक



**सेंट जॉर्ज।** सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के नाबाद शतक की मदद से इंग्लैंड ने 223 रन के बड़े लक्ष्य को हासिल करके वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में एक गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला जीवंत रखी। साल्ट ने 56 गेंद पर नाबाद 109 रन बनाए। इंग्लैंड ने 19.5 ओवर में तीन विकेट पर 226 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले वेस्टइंडीज ने 6 विकेट पर 222 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। वेस्टइंडीज ने पहले दोनों मैच जीते थे और अभी वह पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे है।

## खेलो इंडिया पैरा खेलो में चैंपियन बना हरियाणा

भाषा ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा रविवार को यहां संपन्न पहले खेलो इंडिया पैरा खेलों में 40 स्वर्ण सहित कुल 105 पदक के साथ चैंपियन बना। हरियाणा ने 40 स्वर्ण के अलावा 39 रजत और 26 कांस्य पदक भी जीते। उत्तर प्रदेश कुल 62 पदक (25 स्वर्ण, 23 रजत और 14 कांस्य) के साथ दूसरे जबकि तमिलनाडु 20 स्वर्ण, आठ रजत और 14 कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। दस दिसंबर को शुरू हुए इन खेलों में 173 स्वर्ण पदक की स्पर्धाएं हुई। प्रतियोगिता के अंतिम दिन केरल ने सेरेब्रल पाल्सी फुटबॉल में तमिलनाडु को 7-0 से हराकर खिताब जीता। टेबल टेनिस में हरियाणा के सुमित सहगल ने गुजरात के रमेश चौधरी को फाइनल में 3-0 (11-8, 11-7, 11-8) से हराकर पुरुष क्लास-4 का स्वर्ण पदक जीता।

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए, ''आज हम ना केवल पदकों का सम्मान करते हैं बल्कि उस जज्बे और अनकही कहानियों का भी सम्मान करते हैं जो यहां लिखी गईं।'' उन्होंने कहा, ''खेलो इंडिया पैरा खेल 2023 हमारे खेल इतिहास में एक एतिहासिक अध्याय है।'' खेलों में हरियाणा के प्रणव सूरमा ने अपने एशियाई रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने क्लब थ्रो स्पर्धा में 33.54 मीटर के प्रयास के साथ एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान 30.01 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में सुधार किया। उन्होंने धरमबीर के 31.09 मीटर के एशियाई रिकॉर्ड में भी सुधार किया। खेलो इंडिया पैरा खेलों में 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1,400 से अधिक पैरा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें सात खेलों में स्पर्धाएं हुईं।

**पाकिस्तान में हो रहे डेविस कप के लिए पांच सदस्यीय टीम घोषित**

# पाक के खिलाफ भारत की अगुवाई करेंगे रामनाथन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रास कोर्ट पर होने वाले डेविस कप मुकाबले के लिए, रामकुमार रामनाथन की अगुवाई में रविवार को पांच सदस्यीय टीम घोषित की जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारतीय टीम 60 वर्षों में पहली बार पाकिस्तानी धरती पर खेलने की तैयारी कर रही है। अखिल भारतीय टेनिस संघ ने हालांकि सुरक्षा कारणों से पड़ोसी देश की यात्रा नहीं करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ पंचाट में अपील दायर की है, जिसका फैसला अभी आना है।

भारत ने इससे पहले आखिरी बार 1964 में पाकिस्तान का दौरा किया था और तब उसने 4-0 से जीत दर्ज की थी। भारत अब तक पाकिस्तान से कभी नहीं हारा है। उसने पाकिस्तान के खिलाफ सभी आठ मुकाबले जीते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी मुकाबला 2019 में तटस्थ स्थल पर खेला गया था। भारत ने इस मुकाबले में 4-0 से जीत हासिल की थी। यह मुकाबला भी पाकिस्तान में खेला जाना था लेकिन भारत के आग्रह पर इसे कजाकिस्तान में आयोजित किया गया था। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन और चार फरवरी को इस्लामाबाद में होने वाले मुकाबले के लिए जिस टीम का चयन किया है उसमें रामनाथन के अलावा एन श्रीराम बालाजी, युकी भांबरी, निकी कालियांदा पूनाचा और साकेत माइनेनी शामिल हैं। दिग्विजय प्रताप सिंह रिजर्व खिलाड़ी हैं।



### रामकुमार और पूनाचा एकल टेनिस खिलाड़ी

रामकुमार का सर्व और वॉली का खेल ग्रास कोर्ट के अनुकूल है। भारतीय टीम में उनके अलावा पूनाचा ही एकल खिलाड़ी हैं जबकि अन्य खिलाड़ी एटीपी टूर में केवल युगल में खेलते हैं। कप्तान रोहित राजपाल अगर भांबरी को एकल में खेलने के लिए कहते हैं तो यह हैरानी भरा फैसला नहीं होगा। यहां तक की बालाजी को भी एकल में खेलने के लिए कहा जा सकता है। भारत के चोटी के खिलाड़ी सुमित नागल और शशि कुमार मुकुंद इस मुकाबले से हट गए थे जिसमें टीम जीत दर्ज करके 2024 के सत्र में विश्व ग्रुप एक में अपनी जगह सुनिश्चित करना चाहेगी।

## रमनदीप को डब्लूबीसी इंडिया लाइट फ्लाईवेट का खिताब



**हैदराबाद।** पंजाब की रमनदीप कौर ने आठ राउंड तक चले मुकाबले में विभाजित निर्णय से हरियाणा की ममता सिंह को हराकर लाइट फ्लाईवेट डिवीजन में प्रतिष्ठित डब्लूबीसी इंडिया खिताब जीता। भारतीय मुक्केबाजी परिषद से स्वीकृत प्रतियोगिता में शनिवार को गाचीबोवली स्टेडियम में दो खिताबी मुकाबलों डब्लूबीसी इंडिया और डब्लूबीसी मिडिलईस्ट सहित कुल 10 मुकाबले हुए। शीर्ष रैंकिंग की रमनदीप ने पेशेवर वर्ग में अपने 14वें मुकाबले में अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन किया और ममता के लगातार चार जीत के अभियान पर रोक लगाई। रमनदीप की यह पेशेवर मुक्केबाजी में 11वीं जीत है।

एक अन्य खिताबी मुकाबले में भारत के सबरी जे ने ईरान के खशैर घासेमी को सर्वसम्मत फैसले से पराजित करके डब्लूबीसी मिडिल ईस्ट खिताब अपने नाम किया।

चिंतन

## सोशल मीडिया की 'लत' से बिगड़ रहा मानसिक स्वास्थ्य

सोशल मीडिया आज अधिकांश लोगों के जीवन का अहम हिस्सा है। भारतीय औसतन ढाई घंटे प्रतिदिन सोशल मीडिया पर अपना वक्त बिताते हैं। देश में करीब 47 करोड़ से अधिक लोग सोशल मीडिया का यूज करते हैं। देश में प्रति सेकेंड 6.9 नए यूजर जुड़ रहे हैं, इस हिसाब से सालाना 4.5 फीसदी यूजर बढ़ रहे हैं। इन आंकड़ों से सोशल मीडिया का महत्व समझा जा सकता है। न्यूज, एंटरटेनमेंट से लेकर व्यूज और नॉलेज तक सब कुछ सोशल मीडिया पर उपलब्ध है। इसके फायदे बहुत हैं, आसान पहुंच है, तेजी से प्रसार है, किफायती है, कोई बैरियर नहीं है, रेडिमेड तकनीक है, हर कोई अपना विचार प्रकट कर सकता है, यूजर फ्रेंडली है, निरक्षर भी इसका प्रयोग कर सकता है। अभिव्यक्ति का सबसे सुलभ प्लेटफॉर्म है। दुनिया भर के लोगों से जुड़ने का साधन है और इसने विश्व में संचार को नया आयाम दिया है। यह व्यवसाय में सहायक है। इस पर नए रोजगार भी पैदा हुए हैं। जागरूकता फैलाने का बढ़िया प्लेटफॉर्म है और सूचना के प्रसार का भी तेज तंत्र है और इसलिए लोग इस पर निर्भर होकर इसके आदी होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर अधिक वक्त बिताने के चलते मानसिक स्वास्थ्य पर इसका गहरा असर पड़ रहा है। जर्मनी में रुर यूनिवर्सिटी, बोचम और जर्मन सेंटर फॉर मेंटल हेल्थ के अनुसंधानकर्ताओं ने सोशल मीडिया एडिक्शन का मानसिक स्वास्थ्य पर असर पर अपने एक अध्ययन में कहा है कि दिमाग को दुरुस्त रखना है तो सोशल मीडिया से दूर रहें या कम वक्त बिताएं। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि सोशल मीडिया का उपयोग 30 मिनट तक कम करके मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त करने के साथ ही काम के प्रति संतुष्टि की भावना में सुधार लाने में मदद मिलती है, जबकि इसका लगातार उपयोग करने वाले लोगों को अपने काम पर ध्यान लगाने में मुश्किल होती है। सोशल मीडिया का कम इस्तेमाल करने से उपयोगकर्ताओं को काम का दबाव कम महसूस होता है और उनमें बेचैनी या घबराहट भी कम होती है। सोशल मीडिया से दूरी बनाने से ध्यान भटकने की समस्या भी कम होती है। देखा गया है कि लोग बिना किसी काम के सोशल मीडिया पर आधे घंटे से एक घंटे का वक्त बर्बाद करते हैं। सोशल मीडिया की लत लगने से इसके फायदे से अधिक नुकसान होने लगता है। इससे पहले भी कई शोध में पाया गया है कि सोशल मीडिया का अधिक प्रयोग हमारे मस्तिष्क को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है और डिप्रेशन की ओर ले जा सकता है। मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ अन्य तरह की धोखाधड़ी के शिकार भी लोग बनने लगते हैं। सोशल मीडिया पर गोपनीयता की कमी होती है। निजी डेटा चोरी होने का खतरा रहता है। साइबर अपराधों जैसे- हैकिंग और फिशिंग आदि का खतरा भी बढ़ जाता है। फ्रॉड ऐसे सोशल मीडिया यूजर की तलाश करते हैं जिन्हें आसानी से फंसाया जा सकता है। सोशल मीडिया साइबर-बुलिंग को बढ़ावा देता है। यह फेक न्यूज़ और हेट स्पीच फैलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विश्व आर्थिक मंच की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचनाओं का प्रसार कुछ प्रमुख उभरते जोखिमों में से एक है। सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर रहा है। इसलिए हमें सोशल मीडिया के कम से कम प्रयोग की आदत बनानी चाहिए और जितना संभव हो इससे दूर रहना चाहिए।



सियासत
प्रणय यादव

तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा को बड़ी जीत मिलने के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए सभी पुराने चेहरों को लेकर उम्मीद लगाए बैठे थे, जिस तरह से नरेंद मोदी ने तीनों नए चेहरों को जिम्मेदारी सौंपी है उससे सब हैरान हैं। सवाल ये है कि मोदी ने मोहन यादव, विष्णुदेव साय और भजनलाल शर्मा में ऐसा क्या देखा। क्या सोचकर उन्हें राज्यों की बागडोर सौंप दी। मोदी की रणनीति क्या है? बीजेपी का प्लान क्या है? दरअसल राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में नए नेतृत्व को मौका देना नरेन्द्र मोदी की भविष्य की रणनीति का हिस्सा है। ये पार्टी में नई जान फूंकने, पार्टी को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में बड़ा कदम है।

# नए नेतृत्व भविष्य की तैयारी

मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बीजेपी की बड़ी जीत के बाद सबको लग रहा था कि फिर पुराने चेहरे वापस आएंगे। जो बड़े नेता हैं, वही कुर्सी पर बैठेंगे। शिवराज सिंह चौहान को लग रहा था वही मुख्यमंत्री बनेंगे, क्योंकि लाड़ली बहना ने जिताया। वसुन्धरा को तीन दर्जन से ज्यादा अपने वफादार विधायकों पर भरोसा था। उम्मीद रमन को भी रही होगी, लेकिन एक हफ्ते के इंतजार के बाद सबकी उम्मीदें टूटीं। ऐसे चेहरे सामने आए, जिनकी उम्मीद किसी ने नहीं की थी। नरेन्द्र मोदी ने जिन नेताओं को तीन राज्यों की कमान सौंपी वो मोदी के फैसले से खुद हैरान हैं। तो सवाल ये है कि मोदी ने मोहन यादव, विष्णुदेव साय और भजनलाल शर्मा में ऐसा क्या देखा। क्या सोचकर उन्हें राज्यों की बागडोर सौंप दी। मोदी की रणनीति क्या है? भाजपा का प्लान क्या है?

राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में नए नेतृत्व को मौका देना नरेन्द्र मोदी की भविष्य की रणनीति का हिस्सा है। ये पार्टी में नई जान फूंकने, पार्टी को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में बड़ा कदम है। सोचने वाली बात है कि जो कांग्रेस किसी जमाने में पूरे देश पर एकछत्र राज करती थी। आज उसकी हालत इतनी खराब क्यों हो गई। असल में कांग्रेस ने एक बड़ी गलती की। जिसे वो आज भी नहीं सुधार रही है। नए नेतृत्व को मौका नहीं दिया। हर राज्य के क्षत्रप बन गए। जब इन क्षत्रपों के किले ढह गए तो कांग्रेस खुद ब खुद जमीन पर आ गई। याद करिए मध्य प्रदेश में पहले अर्जुन सिंह, उनके बाद दिग्विजय सिंह और कमलनाथ। किसी और के लिए जगह ही नहीं थी, इसीलिए ज्योतिरादित्य सिंधिया पार्टी छोड़कर भागे। राजस्थान में पच्चीस साल से सिर्फ अशोक गहलोत। सचिन पायलट ने मेहनत की, लेकिन कुर्सी अशोक गहलोत को मिली। इसलिए सचिन पायलट घुटन महसूस कर रहे थे। छत्तीसगढ़ में अजीत जोगी, विद्याचरण शुक्ला और महेन्द्र कर्मा जैसे नेता। इन नेताओं के जाने के बाद सन्नाटा। इन राज्यों में बीजेपी के लिए भी इसी तरह की स्थिति बन रही थी। मध्य प्रदेश में उमा भारती के बाद शिवराज सिंह चौहान को भेजा गया। उसके बाद बीस साल से सिर्फ शिवराज थे। छत्तीसगढ़ में पन्द्रह साल रमन सिंह रहे। कोई दूसरा नहीं पनप पाया, इसके चलते पार्टी कमजोर हो गई।

राजस्थान में पहले भैरोसिंह शेखावत थे, उसके बाद पच्चीस साल से सिर्फ वसुन्धरा राजे। कहीं कहीं दूसरी पंक्ति का नेतृत्व न होने के कारण कुछ नेता खुद को पार्टी के बड़ा समझने लगते हैं, पार्टी को आंख दिखाने लगते हैं। ये बीमारियां बीजेपी में भी दिख रही थी।

बदलाव वैसे प्रकृति का नियम है। अगर जमीन पर हल न चलाया जाए, मिट्टी को न पलटा जाए तो खतपतवार खेत को खराब कर देती है। वही जीवन में होता है। वही राजनीति में होनी चाहिए। मोदी ने वही किया। खेत जोत कर नई फसल लगा दी। जो लोग ये कह रहे हैं कि इस तरह का प्रयोग असफल हो सकता है। अनुभवहीन लोगों को नेतृत्व देना खतरनाक हो सकता है। पार्टी को इसका नुकसान हो सकता है। ये सही है कि प्रयोग असफल हो



सकते हैं। मोदी ने उत्तराखंड में त्रिवेन्द्र सिंह रावत को भेजकर प्रयोग किया था जो असफल हुआ। फिर तीरथ सिंह रावत को बनाया उन्होंने भी निराश किया, लेकिन पुष्कर सिंह धामी का प्रयोग सफल हुआ। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ को भेजा। आज योगी देश में मोदी के बाद दूसरे बड़े लोकप्रिय नेता हैं। हरियाणा में मनोहर लाल का प्रयोग सफल रहा। झारखंड में रघुबर दास का प्रयोग मुसीबत साबित हुआ, लेकिन गुजरात में भूपेश पटेल हों या असम में हिमंता बिस्वा सरमा दोनों को कमान सौंपना फायदेमंद रहा। पार्टी मजबूत हुई।

हालांकि ये ध्यान भी रखना होगा कि नरेन्द्र मोदी से पहले भी इस तरह के प्रयोग बीजेपी करती रही है। नए नेतृत्व को मौका देती रही है। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह को जब भेजा गया था तो उन्हें भी सरकार चलाने का अनुभव नहीं था, लेकिन शिवराज ने खुद को साबित किया। पार्टी को मजबूत किया। 17 साल तक मुख्यमंत्री रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद इसी तरह के प्रयोग का नतीजा है। जब वो गुजरात के चीफ मिनिस्टर बने थे। उससे पहले न कभी विधायक रहे, न मंत्री, लेकिन पार्टी ने उन्हें केशुभाई पटेल जैसे कद्दावर नेता की जगह भेजा। जब मोदी प्रधानमंत्री बने तो पहली बार सांसद बनकर दिल्ली आए थे। तब लोग कह रहे थे राज्य सरकार चलाना अलग बात है और देश चलाना अलग है, लेकिन मोदी ने ऐसे लोगों को गलत साबित किया। वो दुनिया के सबसे बड़े नेता बनकर उभरे और मोदी के नेतृत्व में बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई, इसलिए मोदी ने जिनको चुना है, उनका काम देखने से पहले कोई राय बनाना ठीक नहीं है। अगर इनमें से कोई फेल होता है। तो उसे बदला जा सकता है और जिसने अच्छा काम किया वो पार्टी का भविष्य बनेगा। बीजेपी की अगली पीढ़ी का नेता होगा। मोदी ने पार्टी के भविष्य को देखते हुए ये प्रयोग किया है। कांग्रेस को भी बीजेपी से इस मामले में सीखना चाहिए, क्योंकि कांग्रेस इस वक्त तमाम राज्यों में नेतृत्व की कमी से जूझ रही है। कांग्रेस को भी इस तरह के प्रयोग करने की हिम्मत दिखानी चाहिए।

इन तीन राज्यों में चीफ मिनिस्टर और डिप्टी चीफ मिनिस्टर्स के नामों का संदेश साफ है। सरकार से बड़ा संगठन है। पार्टी सर्वोपरि है और पार्टी का सिर्फ एक चेहरा हैं नरेन्द्र मोदी। अगर कोई नेता ये समझता है कि पार्टी उनके दम पर चल रही है। किसी राज्य में पार्टी उनके नाम और काम पर चल रही है। उनके कारण जीती। वो जो चाहेंगे पार्टी को वही करना पड़ेगा तो ऐसे नेताओं का वक्त अब खत्म हो गया है। मोदी ने साफ साफ संदेश दे दिया कि संगठन में काम करने वाले हर व्यक्ति पर नेतृत्व की नजर है। हाईकमान के पास ग्राउंड रिपोर्ट है। जो संगठन में काम करेगा। पार्टी उसे आगे बढ़ाएगी। वरना मोहन यादव हों या भजनलाल शर्मा ये दोनों आखिरी वक्त तक नए विधायकों के लिए खाने पीने और केन्द्रीय नेताओं के लिए फूल-मालाओं के इंतजाम में लगे थे। फोटो सेशन में भी आखिरी लाइन में खड़े थे, लेकिन मोदी ने आखिरी लाइन से उठाकर फ्रंट लाइन में सबसे आगे खड़ा कर दिया और जो फ्रंट लाइन में बैठे थे। वो सबसे आखिर में पहुंच गए। इससे पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ता है। जमीन पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं में उम्मीद जगती है कि उनकी मेहनत बेकार नहीं जाएगी। चुनाव से पहले ये बहुत जरूरी है। मोदी के इस फैसले के बाद अब भाजपा के कार्यकर्ता कह पाएंगे कि एक दरी बिछाने वाला, पोस्टर बैनर चिपकाने वाला भी पार्टी का नेता बन सकता है। ये सिर्फ कहने की बात नहीं है, मोदी ने इसे करके दिखाया है, मोदी है तो मुमकिन है। पार्टी के कार्यकर्ताओं का ये भरोसा किसी भी राजनीतिक दल को ताकत देता है।

(लेखक वरिष्ठ टीवी पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

बदलाव
गीता यादव




## श्मशान में पुरुषवादी रूढ़ियों को तोड़ती बेटियां

महिलाएं अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार नहीं कर सकतीं, इसके पीछे कई तर्क हैं। एक तर्क यह भी है कि उनका तन-मन कोमल और कमजोर है। अंत्येष्टि की क्रियाओं का मन पर बुरा असर पड़ सकता है, लेकिन कई घटनाएं इस बात की पुष्टि करती है कि किसी भी काम को पूर्ण करने के लिए संवेदनाओं का होना जरूरी है। करीब 22 साल पुरानी घटना है। वृंदावन में अमारबाड़ी आश्रम है। यहां की एक विधवा सप्तदल ने होली के दिन प्राण त्यागे। चौकीदार त्योहार मनाने गया था। आश्रम की 60 से 105 साल तक की 65 विधवाओं के बीच एक भी मर्द मौजूद नहीं था। 105 साल की लखीदासी ने कहा कि रोना-धोना छोड़ो,चौकीदार कब लौटेगा क्या भरोसा। आगे की सोचो। मौके की नजाकत देखते हुए चंद अपाहिज, लाचार बूढ़ियां आश्रम से निकलकर द्वार-द्वार की याचिका बन गईं। किसी ने दरवाजा खोला, किसी ने अंदर से घुड़क दिया। एक द्वार पर लड़की गीता ने द्वार खोला। उसके पिता ने मृतका की जाति पूछी। चुप्पी पर बोला, जात नहीं पता तो दूसरा दरवाजा देखो माई, यह कुलीन ब्राह्मण का घर है। अज्ञात कुल-गोत्र की विधवा के दाह-संस्कार की याचना को सभी वर्णों ने बड़ी निर्ममता से नकार दिया था। गीता का मन संवेदना से भर गया। उसने अपने भाई से मदद मांगी, उसने मना कर दिया। गीता इंटर की छात्रा थी। उसने पड़ोस में रहने वाली दो सहेलियों अनसूया और दीपा को तैयार किया। मां से बहाना बनाकर कुछ पैसे लिए और तीनों आश्रम की ओर चल पड़ीं। तीन किशोरियां और शेष बूढ़ियां। काम भी ऐसा, जिसे करने की कल्पना तक नहीं की थी। अनाड़ी हाथों से ज्यादा मेहनत करनी पड़ी। तीनों किशोरियों के साथ शव को चौथा कंधा दिया लखीदासी ने। झुकी कमर और निस्तेज नजर वाली वे दीन-हीन विधवाएं पीछे चल पड़ीं। श्मशान दूर था। हर दस कदम बाद कंधे बदलने पड़े पर हौसला नहीं टूटा। यह सिर्फ शवयात्रा नहीं थी, अल्ट्रासाउंड के बाद मादा भ्रूण को गर्भ में ही नष्ट करा देने की साजिश से लेकर औरत को चिता पर यह अंगारे न दे सकने की पुरुष वर्ग की खुदगर्जी और संवेदनहीनता के खिलाफ स्त्रियों का एकजुट जातीय प्रदर्शन था। उन सभी को उस वक्त ऐसा ही लगा था। लड़कियों ने शवदाह के लिए लकड़ियां खरीदीं, सबने चिता सजाई। लखीदासी ने मुखाग्नि दी। वह दोनों हाथ जोड़ चीख पड़ी, सप्तदल तेरी सौगंध आज से कोई औरत अंतिम संस्कार के लिए किसी मर्द की मोहताज नहीं होगी। बड़े आदमी जो काम नहीं कर पाए, वो बच्चियों ने कर दिखाया। समाज को नई दिशा दिखाने का काम किया, क्योंकि उनमें संवेदनाएं थीं। इनकी बदौलत हर काम संभव है, क्या नारी और क्या पुरुष। किसी भी इंसान के जीवन-मरण संबंधित प्रक्रियाओं का उल्लेख 18 पुराणों में से एक गरुड़ पुराण में मिलता है। यह एक प्राचीन हिंदू शास्त्र है, जो वेदों की परंपरा का ही हिस्सा है। हालांकि इस ग्रंथ में महिलाओं और दाह संस्कार जैसी किसी व्यवस्था का जिक्र नहीं है। महिलाओं द्वारा अंतिम संस्कार न किए जाने के पीछे तर्क यह दिया जाता है कि श्मशान घाट पर हमेशा नकारात्मक ऊर्जा फैली होती है। यह उनके शरीर में प्रवेश कर सकती है। अंतिम संस्कार के दौरान शव के कपाल को तोड़ा जाता है, इसके लिए मजबूत शरीर और मन चाहिए। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, अंतिम संस्कार में परिवार के सदस्यों को बाल कटवाने पड़ते हैं और शव के जलते समय वातावरण में कीटाणु फैल जाते हैं। यह शरीर के कोमल हिस्सों में चिपक जाते हैं, इसलिए बाल कटवाने के बाद स्नान किया जाता है। महिलाओं के मुंडन को शुभ नहीं माना जाता। प्रख्यात ज्योतिषी पंडित प्रवीण उपाध्याय के मुताबिक, महिलाओं द्वारा अंतिम संस्कार किया जाना पूरी तरह उचित है। किसी के मोक्ष प्राप्ति में भागीदार बनना पुण्य का काम है। अगर किसी के परिवार में पुरुष नहीं है तो महिलाएं अंतिम संस्कार कर सकती हैं। महिलाओं को मुंडन करवाने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि शंकराचार्य और धर्म शास्त्र इस प्रक्रिया को शास्त्र के अनुरूप नहीं मानते। बीते डेढ़ दशकों में इस व्यवस्था को चुनौती देने, व्यावहारिक बनाने वाले दर्जनों उदाहरण इसी परंपरागत व्यवस्था में सामने आए हैं। पहले पिता की मौत के बाद पुत्र नहीं होने पर किसी रिश्तेदार के सिर पर पगड़ी बांधी जाती थी, लेकिन अब परंपराएं बदलाव के दौर में हैं। बदलते परिदृश्य में इस प्रथा पर किसी तरह का बंधन नहीं होना चाहिए। अच्छी परंपराओं को बनाए रखना भी हमारा कर्म है और खराब प्रथा और रूढ़ियां जो निरर्थक हैं, उन्हें तोड़ना भी जरूरी है। अब समय आ गया है कि हम बेटियों को यह विश्वास दिलाना बंद करें कि वे अपने माता-पिता के मोक्ष में बाधा बन सकती हैं।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## क्रियायोग: अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।' ***-स्वामी चिदानन्द गिरि***

## ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जिएं



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**नए चेहरों को सीएम बनाने के मायने**

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भाजपा ने मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों को लेकर जो समय लिया और इसमें उन नामों को शामिल किया जिनका जिक्र मीडिया में नाममात्र का रहा, यह भाजपा के लिए नया काम नहीं है, बल्कि ऐसा कुछ समय पहले वर्ष 2017 में उस समय भी हुआ था जब हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रेम कुमार धूमल हार गए थे। तब भाजपा मुख्यमंत्री पद के लिए जयराम ठाकुर को सामने लाई थी, जबकि वह हिमाचल के लिए भाजपा का कोई खास चेहरा नहीं थे। मुख्यमंत्री चाहे कोई भी और किसी भी पार्टा का क्यों न हो, उसकी डोर तो पार्टी हाईकमान के पास ही होती है। इन तीन राज्यों में मुख्यमंत्री के नए चेहरे हैं, लेकिन काम तो वे पार्टी के विचार-विमर्श से ही करेंगे।

*- संतोष साहू, बलौदाबाजार*

### करंट अफेयर

## राम मंदिर के जश्न में अमेरिका में कार रैली

हिंदू अमेरिकी समुदाय के लोगों ने अयोध्या में राम मंदिर में अगले साल होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की खुशी में वॉशिंगटन के एक उपनगर में शनिवार को कार रैली का आयोजन किया। आयोजकों ने बताया कि शनिवार दोपहर समुदाय के लोग 'फ्रेडरिक सिटी मैरीलैंड' के पास 'अयोध्या वे' में श्री भक्त अंजनेय मंदिर में एकत्र हुए और इस रैली के साथ ही भारत में राम मंदिर के निर्माण की खुशी में महीने भर के कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई। 'विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका डीसी' इकाई के अध्यक्ष महेंद्र सापा ने कहा, 'हिंदुओं के 500 वर्ष के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम मंदिर का उद्घाटन (मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा) किया जा रहा है और हम इसी खुशी में अगले साल 20 जनवरी को लगभग 1,000 अमेरिकी हिंदू परिवारों के साथ वाशिंगटन में एक ऐतिहासिक उत्सव आयोजित कर रहे हैं। उत्सव में राम लीला आयोजित की जाएगी, श्री राम की कथाएं सुनाई जाएंगी, श्री राम की पूजा की जाएगी, भगवान श्री राम एवं उनके परिवार के लिए भजन गाए जाएंगे।' उन्होंने कहा, 'इस उत्सव में अलग-अलग आयुवर्ग के लोग भगवान श्री राम के जीवन पर आधारित लगभग 45 मिनट की ऐसी प्रस्तुति देंगे जो अमेरिका में पैदा हुए बच्चों को समझ आ सके।'



### ऑफ बीट

## स्टेम कोशिका विज्ञान बदल सकता है हमारे प्रजनन को

'इन विट्रो गैमेटोजेनेसिस' (आईवीजी) नामक तकनीक का उपयोग करके मानव त्वचा कोशिकाओं का अंडाणु और शुक्राणु बनाने में सक्षम होना जल्द ही संभव हो सकता है। इसमें मानव शरीर के बाहर (इन विट्रो) अंडाणु और शुक्राणु की उत्पत्ति शामिल है। आईवीजी एक ऐसी तकनीक है जिससे डॉक्टरों को आपके शरीर से ली गयी किसी भी कोशिका से प्रजनन कोशिकाएं बनाने में मदद मिलेगी। इससे समलैंगिक जोड़ों को बच्चा पैदा करने में मदद मिल सकती है। सैद्धांतिक रूप से एक पुरुष की त्वचा कोशिका को अंडाणु और एक महिला की त्वचा कोशिका को एक शुक्राणु में बदला जा सकता है। इससे किसी बच्चे के आनुवंशिक रूप से कई माता-पिता होने या केवल एक के होने की संभावना है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि आईवीजी का मानव अनुप्रयोग अभी बहुत दूर है। बहरहाल, मानव स्टेम कोशिकाओं पर काम कर रहे वैज्ञानिक इन अवरोधों से पार पाने को लेकर सक्रियता से काम कर रहे हैं। यहां हम 'इन विट्रो गैमेटोजेनेसिस' के मानव पहलू के बारे में जानते हैं और क्यों हमें अब इसके बारे में बात करने की जरूरत है। इन विट्रो गैमेटोजेनेसिस (युग्मक जनन) 'प्लुरिपोटेंट स्टेम कोशिकाओं'' से शुरू होता है।



### ट्रेंड

**एक भारत-श्रेष्ठ भारत**



पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, काशी तमिल संगमम भारत की सभ्यतागत एकता के उत्सव में बदल गया। इसने काशी और तमिलनाडु के बीच सदियों पुराने संबंधों को खोजा, लोगों के बीच दूरियां कम कीं। एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को आगे बढ़ाया।

**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**

**अर्थव्यवस्था को बढ़ाएंगे**



जब कांग्रेस के रिपब्लिकन अमीर और बड़े निगमों के लिए लड़ते हैं, मेहनती परिवारों को कीमत चुकाने के लिए छोड़ देते हैं, मैं लागत कम करने और एक मजबूत मध्यम वर्ग के साथ हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए लड़ता रहूंगा।

**-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति**

**बेरोज़गारी सबसे बड़ा मुद्दा**



नौकरियां कहां हैं? युवा हताश हैं -हमें इस मुद्दे पर फोकस करना है, युवाओं को नौकरी देनी है। सुरक्षा चूक ज़रूर हुई है, मगर इसके पीछे का कारण है देश का सबसे बड़ा मुद्दा -बेरोज़गारी!

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

**उन्नत तकनीक सौंदर्यपरक**



भारत ने अपना स्वदेशी, स्टील्थ, स्वायत्त फ्लाइंग विंग शिल्प विकसित किया है। बहुत बढ़िया। रक्षा का भविष्य मानवरहित वाहनों में है और इससे पता चलता है कि हम पीछे नहीं रहने वाले हैं। और क्या खूबसूरती है. उन्नत तकनीक सौंदर्यपरक भी है!

**-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### पंजाब की सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन की अगली बैठक से ठीक पहले आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के एक ऐलान ने विपक्षी दलों की टेंशन बढ़ा दी है। बठिंडा में एक रैली के दौरान अरविंद केजरीवाल ने पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कर दी है। उन्होंने अपील जरूर पंजाब की जनता से की है, लेकिन सीधा संदेश कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को दिया गया है। माना जा रहा है कि इस वजह से एक बार फिर कांग्रेस और आप के बीच में तकरार बढ़ सकती है।

### अब एसआईटी करेगी प्रिया सिंह केस की जांच

**ठाणे।** पुलिस ने महाराष्ट्र के एक शीर्ष नौकरशाह के बेटे के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए एक



विशेष जांच दल का गठन किया है, जिस पर प्रेमिका को कुचलने का आरोप है। पुलिस कमिश्नर जय जीत सिंह ने बताया कि डीसीपी (वी) अमर सिंह जाधव की अध्यक्षता वाली एसआईटी उस मामले की जांच करेगी।

### पुलिस-बंबीहा में मुठभेड़ 3 बदमाश गिरफ्तार

**मोगा।** पंजाब पुलिस की ओर से गैंगस्टरों के खिलाफ धड़ाधड़ एक्शन जारी है। लगातार दूसरे दिन



पुलिस और गैंगस्टरों में मुठभेड़ हुई है। मोगा में पुलिस-बंबीहा गैंग के बीच एनकाउंटर हुआ। बदनी कलां के पास पुलिस की सीआईए टीम और बंबीहा गैंग के बदमाशों के बीच गोलियां चलीं। इस दौरान 3 बदमाश काबू कर लिए गए।

### राजन ने की तेलंगाना के मुख्यमंत्री से मुलाकात



**हैदराबाद (भाषा)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने रविवार को यहां तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से मुलाकात कर राज्य की वर्तमान आर्थिक स्थिति और इसके विकास के लिए अपनाई जाने वाली रणनीतियों पर चर्चा की। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि रेड्डी ने यहां जुबली हिल्स स्थित अपने आवास पर राजन के साथ बैठक की। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने मुख्यमंत्री से अर्थशास्त्र के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किये।

---

### रक्षामंत्री ने वायु सेना अकादमी में परेड को किया संबोधित

# सशस्त्र बलों में परंपराओं, नवाचार के बीच संतुलन होना चाहिए: राजनाथ

भाषा ▸▸ हैदराबाद

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को नवाचार को अपनाते हुए सशस्त्र बलों की परंपराओं को कायम रखने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि दोनों के बीच संतुलन होना चाहिए। रक्षामंत्री ने हैदराबाद के निकट डुंडिगल में वायु सेना अकादमी में कम्बाइंड ग्रेजुएशन परेड(सीजीपी) को संबोधित करते हुए नव-नियुक्त अधिकारियों से नए विचारों, नवीन सोच और आदर्शवाद के प्रति अपने दिमाग को हमेशा खुला रखने का आग्रह किया। सिंह ने अधिकारियों से सशस्त्र बलों की परंपराओं को समय की कसौटी पर परखी गई बताते हुए इन्हें उचित महत्व देने का आह्वान किया। लेकिन उन्होंने साथ ही कहा कि अगर परंपराओं का पालन बिना सोचे-समझे लंबे समय तक किया जाता है, तो प्रणाली में 'जड़ता ' की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति से बचने और लगातार बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने के लिए कुछ नया करने की जरूरत है। उन्होंने परंपरा और नवाचार के बीच संतुलन को महत्वपूर्ण बताते हुए इसे कायम रखने का आह्वान किया।

- 25 महिलाओं समेत कुल 213 'फ्लाइट कैडेट' को प्रशिक्षण पूरा होने के बाद नियुक्त किया गया
- 'फ्लाइंग ऑफिसर' अमरिंदर जीत सिंह 'प्रेजीडेंट्स प्लेक' से सम्मानित
- परेड का मुख्य आकर्षण 'कमीशनिंग सेरेमनी' थी

### 213 'फ्लाइट कैडेट' को प्रशिक्षण के बाद मिली नियुक्ति





### उड़ते रहो और ऊंचाइयों को छूओ, लेकिन जमीन से जुड़ाव बनाए रखो

रक्षामंत्री ने कहा कि लगातार बदलते समय के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए परंपरा और नवीनता के बीच संतुलन बनाएं। यदि हम केवल परंपरा का पालन करेंगे, तो हम एक झील की तरह हो जाएंगे। हमें एक बहती हुई नदी की तरह बनना होगा। इसके लिए हमें परंपरा के साथ नवीनता लानी होगी। उड़ते रहो और ऊंचाइयों को छूओ लेकिन जमीन से अपना जुड़ाव बनाए रखो।'' वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने इससे पहले रक्षामंत्री सिंह का स्वागत किया। वायु सेना की विभिन्न शाखाओं में 25 महिलाओं समेत कुल 213 'फ्लाइट कैडेट' को उनका प्रशिक्षण पूरा होने के बाद नियुक्त किया गया है। नौसेना के आठ, भारतीय तट रक्षक के नौ और मित्र देशों के दो अधिकारियों को भी उनके उड़ान प्रशिक्षण के पूरा होने के बाद 'विंग्स' से सम्मानित किया गया। परेड का मुख्य आकर्षण 'कमीशनिंग सेरेमनी' थी। उड़ान शाखा के 'फ्लाइंग ऑफिसर' अतुल प्रकाश को पायलट पाठ्यक्रम में समग्र योग्यता क्रम में प्रथम स्थान पाने के लिए 'प्रेजीडेंट्स प्लेक' और 'चीफ आफ दी एयर स्टाफ स्वोर्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया। फ्लाइंग ऑफिसर अमरिंदर जीत सिंह को प्रेजीडेंट्स प्लेक से सम्मानित किया गया।

---

### नमो घाट पर काशी तमिल संगमम-2 के कार्यक्रम का पीएम ने किया शुभारंभ और बोले

## अगले पच्चीस साल में तो देश 'विकसित भारत' बनके रहेगा

एजेंसी ▸▸ वाराणसी



पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को नमो घाट पर काशी तमिल संगमम-2 का उद्घाटन किया। उनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ भी थे। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर 140 करोड़ देशवासी इस संकल्प से भर जाएं कि अब देश को आगे ले जाना है, हर एक की जिंदगी बदलनी है। तो अगले 25 साल में देश विकसित भारत बनके रहेगा। हम आज जो बीज बो रहे हैं, वो अगले 25 साल में वटवृक्ष बन जाएगा। इस वट वृक्ष की छाया आपके ही बच्चों को मिलेगी। मन बन जाएगा तो मंजिल दूर नहीं। पीएम मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भी संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि ये यात्रा मेरी भी कसौटी है, मेरी भी परीक्षा है। मैं आपसे सुनना चाहता था कि काम हुआ है कि नहीं? मोदी ने वाराणसी के कटिंग मेमोरियल इंटर कॉलेज में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदर्शनी का दौरा किया। प्रधानमंत्री ने रोड शो के दौरान सड़क से गुजर रहे एंबुलेंस को पास दिया गया। ताकि, मरीज समय से अस्पताल पहुंच सके।



**नई दिल्ली।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और दो उपमुख्यमंत्रियों दीया कुमारी व प्रेम चंद बैरवा राजनाथ सिंह से चर्चा करते हुए। फोटो : एजेंसी

---

## भाजपा हर चुनाव ऐसे लड़ती है जैसे आखिरी हो, विपक्षियों को दी सलाह: पी. चिदंबरम

**कोलकाता (भाषा)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने हाल में हुए छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार को 'अप्रत्याशित' और 'चिंता का विषय' बताया। चिदंबरम ने एक विशेष साक्षात्कार में रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हर चुनाव 'ऐसे लड़ती है कि जैसे यह अंतिम लड़ाई हो' और विपक्षी दलों को इसका ''अहसास होना चाहिए। उन्होंने कहा, ''तीन राज्यों -छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भाजपा की जीत 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले

**छत्तीसगढ़ और राजस्थान चुनाव में हार कांग्रेस के लिए अप्रत्याशित व चिंता का विषय**



पार्टी के लिए उत्साह बढ़ाने वाली है। छत्तीसगढ़-राजस्थान में कांग्रेस की हार अप्रत्याशित है। नतीजे चिंताजनक हैं और मुझे यकीन है कि पार्टी का नेतृत्व कमजोरियों पर ध्यान देगा। बहरहाल, पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि चार बड़े राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में पार्टी का 40 फीसदी मत प्रतिशत ''बरकरार नजर आता है। उन्हें उम्मीद है कि अंतिम व्यक्ति तक चुनाव प्रचार कर, बूथ प्रबंधन और मतदान वाले दिन सुस्त मतदाता को मतदान केंद्र तक लाने जैसे मुद्दों से निपटकर लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी का मत प्रतिशत 45 फीसदी तक बढ़ाया जा सकता है। हाल में हुए चुनाव में भाजपा ने उन तीनों राज्य में कांग्रेस को हरा दिया, जहां दोनों के बीच कड़ा मुकाबला था। भाजपा ने कांग्रेस से राजस्थान और छत्तीसगढ़ दोनों राज्य छीन लिए तथा मध्य प्रदेश में सत्ता बरकरार रखी।

## सामाजिक जागरूकता सतत प्रक्रिया है: मोहन भागवत

**सांगली (महाराष्ट्र) (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि सामाजिक जागरूकता एक सतत प्रक्रिया है जो मौजूदा परिस्थितियों के अनुसार बदलती रहती है। यहां लोकमान्य तिलक स्मारक मंदिर के शताब्दी वर्ष का आरंभ करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि जैसे-जैसे समाज विकसित हो रहा है 'संवाद जारी रखने की जरूरत है'। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान सामाजिक और राजनीतिक जागरूकता की आवश्यकता पर काफी चर्चा हुई और इस पर काम



किया गया। लोकमान्य तिलक ने जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तिलक की यह घोषणा कि 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा', समाज को यह बताने का माध्यम था कि 'संघर्ष से भागो मत, हार मत मानो और अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए काम करो।

## मप्र, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मंत्रिमंडल के गठन की कवायद तेज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भाजपा ने छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, मध्यप्रदेश में मोहन यादव और राजस्थान में भजनलाल शर्मा जैसे नए चेहरे को मुख्यमंत्री बनाया है। अब तीनों राज्यों नए मंत्रिमंडल का गठन होना है। जिसकी कवायद तेज हो गई है।

तीनों ही राज्यों के मुख्यमंत्री अपने सहयोगी उपमुख्यमंत्रियों के साथ दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व से विचार विमर्श करने पहुंचे हैं। चार महीने बाद होने जा लोकसभा चुनावों को देखते हुए इन राज्यों में मंत्रिमंडल में जातीय और क्षेत्रीय समीकरण को साधने की कोशिश होगी, वहीं नए चेहरों और पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं को तरजीह दी जाएगी। मंत्रियों के चुनाव में उनकी राय को भी तरजीह मिल सकती है। उनके अनुसार केंद्रीय नेतृत्व तीनों ही राज्यों में नए चेहरों की कमान के साथ ही मंत्रिमंडल भी नया देखना चाहता है। लेकिन कुछ पुराने चेहरों को समायोजित भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संभावित मंत्रियों की अटकलें लगाना उचित नहीं होगा। मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की तरह मंत्रियों में भी चौंकाने वाले नाम दिखने को मिल सकते हैं।

---

### मराठा आरक्षण कार्यकर्ता जरांगे बोले

## मराठा समुदाय 23 को अगली कार्ययोजना का खाका बनाएगा

**जालना (महाराष्ट्र) (भाषा)।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने रविवार को कहा कि यदि महाराष्ट्र सरकार उनकी आरक्षण की मांग को पूरा करने में विफल रहती है, तो समुदाय बीड में 23 दिसंबर को होने वाली बैठक में अपनी अगली कार्रवाई की रूपरेखा तैयार करेगा। जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव में



एक बैठक के दौरान जरांगे ने पत्रकारों से कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे 18 दिसंबर को विधानसभा में एक बयान दे सकते हैं। आरक्षण कार्यकर्ता ने दावा किया कि राज्य के मंत्री उदय सामंत ने उन्हें सुबह फोन करके आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार ने अधिनियम पारित करने के लिए एक महीने का समय मांगा था, लेकिन अगर वह अनुपालन करने में विफल रहती है तो अगली रणनीति 23 दिसंबर को बीड में तय की जाएगी। जरांगे ने घोषणा की कि अगर सरकार आरक्षण की मांग पूरी करने में विफल रही तो आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने सरकार से मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में शामिल करने के लिए कुनबी प्रमाणपत्र जारी करने और तदनुसार कानून पारित करने का आग्रह किया।

### कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया बोले

## भ्रष्टाचार के मामले मिलने पर मूकदर्शक नहीं रहेंगे

**गडग (कर्नाटक) (भाषा)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार भ्रष्टाचार पर मूकदर्शक नहीं रहेगी और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करेगी। सिद्धरमैया ने कहा कि पिछली सरकार के खिलाफ '40 फीसदी कमीशन' मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ




कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार का कोई भी मामला सामने आया तो सरकार मूकदर्शक नहीं रहेगी। जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।'' जब सिद्धरमैया से कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों द्वारा ड्यूटी लगाने के एवज में चालकों से रिश्वत मांगने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ जांच की जाएगी। जाति जनगणना के अवैज्ञानिक होने के आरोपों को लेकर पूछे गए एक सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछड़ा वर्ग आयोग ने अपनी रिपोर्ट नहीं सौंपी है, फिर भी कुछ लोग पहले से ही टिप्पणी कर रहे हैं कि रिपोर्ट वैज्ञानिक नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान रिपोर्ट की सामग्री को जाने बिना अटकलों पर आधारित हैं। रिपोर्ट जमा करने दीजिए।

### तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने की शुरूआत

## बाढ़ प्रभावित परिवारों को छह हजार नकद देना शुरू

**चेन्नई (भाषा)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने चक्रवात 'मिगजॉम' से हुई बारिश और बाढ़ से प्रभावित परिवारों को रविवार को 6,000 रुपये की नकद सहायता देने की शुरुआत की। राज्य सरकार ने नकद सहायता प्रदान करने के लिए 1,486.93 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं जिससे चेन्नई,



तिरुवल्लूर, चेंगलपेट और कांचीपुरम जिलों के लगभग 25 लाख परिवारों को लाभ होगा। स्टालिन ने भारी बाढ़ के कारण बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में से एक वेलाचेरी में परिवारों की महिला मुखियाओं को नकद सहायता राशि देकर बाढ़ राहत वितरण की शुरुआत हुई। इसमें राज्य के मंत्रियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों और शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। स्टालिन ने (द्रमुक)के कार्यकर्ताओं को लिखे पत्र में कहा कि चेन्नई और आसपास के इलाकों में बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने वाली केंद्र सरकार की टीम ने बिना किसी राजनीतिक के राज्य सरकार की सराहना की।

### केरल के मुख्यमंत्री पिनराई की टिप्पणी

## गवर्नर केरल की शांति भंग करने की कोशिश कर रहे

**पथनमथिट्टा (केरल) (भाषा)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने रविवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पर जानबूझकर 'भड़काऊ' बयान देकर राज्य की शांति को 'जानबूझकर भंग करने का प्रयास' करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने यह गंभीर आरोप राज्य सरकार के एक जन संपर्क



कार्यक्रम 'नव केरल सदास' के हिस्से के रूप में यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान लगाया। राज्यपाल द्वारा प्रदर्शन कर रहे स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) कार्यकर्ताओं को 'अपराधी' कहे जाने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए विजयन ने कहा कि खान ऐसी अवस्था में पहुंच गए हैं, जिसमें उनके मन में जो आता है, वह कह देते हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि वह (खान) भूल रहे हैं कि वह केरल के राज्यपाल हैं। विजयन ने कहा कि उन्होंने पहले भी कहा था कि खान 'जानबूझकर अपने कृत्यों के माध्यम से राज्य की शांति को भंग करने की कोशिश कर रहे हैं'' और यह राज्यपाल के बाद के कृत्यों से भी साबित हो गया है।

---

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पंजाब के सीएम मान के आवास की ओर बढ़ने से रोका

भाषा ▸▸ चंडीगढ़

पुलिस ने रविवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के आवास की ओर मार्च करते समय बैरिकेड पार करने पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछार की।

कांग्रेस की युवा इकाई के कार्यकर्ताओं ने राज्य में कानून-व्यवस्था के बदतर हालात का आरोप लगाते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि युवा कांग्रेस के कई नेताओं को भी हिरासत में लिया गया। प्रदर्शनकारियों को मान के आवास की ओर बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस ने यहां पंजाब कांग्रेस भवन के पास बैरिकेड लगा दिए थे। जब प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड पार करके आगे बढ़ने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछार का इस्तेमाल किया। विरोध मार्च से पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना दिया और 'आप' सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### कांग्रेस की पंजाब युवा इकाई ने लगाए आरोप



कांग्रेस की पंजाब युवा इकाई के प्रमुख मोहित मोहिंदरा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि 'आप' सरकार के तहत राज्य में कानून-व्यवस्था ''ध्वस्त'' हो गई है। उन्होंने कहा कि पंजाब में बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ हम एकजुट हैं। पंजाब की 'आप' सरकार की अक्षमता स्पष्ट है, लेकिन कांग्रेस एक सुरक्षित और बेहतर पंजाब बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## भारत चार-पांच वर्ष में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा: जगदीप धनखड़

### लखनऊ में 'अटल स्वास्थ्य मेला' का उद्घाटन किया

भाषा ▸▸ लखनऊ

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि चार-पांच वर्ष में भारत अर्थव्यवस्था के मामले में जर्मनी और जापान को भी पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी बड़ी महाशक्ति बनेगा। उपराष्ट्रपति ने यहां राजाजीपुरम के पी. एन. टी. ग्राउंड में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में आयोजित 'अटल स्वास्थ्य मेला' का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। यह मेला सोमवार को खत्म होगा। धनखड़ ने कहा कि 1990 में मैं केंद्र सरकार में मंत्री था। हमारी सरकार को भाजपा का समर्थन हासिल था। मुझे मंत्री की हैसियत से यूरोपीय संसद में जाने का सौभाग्य मिला। मुझे यूरोप में 15 दिन तक माननीय अटल जी का सानिध्य मिला। अटल जी बहुत याद आ रहे हैं। उनकी याद बहुत आती है और आज तो निश्चित रूप से आ रही है। अटल जी सिद्धांतों पर अटल रहे और मार्मिक मुद्दों पर वह अत्यंत मुलायम थे।

### कनाडा, ब्रिटेन और फांस को हमारी अर्थव्यवस्था ने पीछे छोड़ा



उपराष्ट्रपति ने देश के विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा, ''हमारी अर्थव्यवस्था ने कनाडा को पीछे छोड़ा है, ब्रिटेन को पीछे छोड़ा है, फ्रांस को पीछे छोड़ा है और आज अर्थव्यवस्था के मामले में (भारत) दुनिया की पांचवीं महाशक्ति है।'' उन्होंने दावा किया, ''आपको जानकर प्रसन्नता होगी कि दुनिया हमारा लोहा मानती है, आने वाले चार-पांच साल में जापान और जर्मनी भी हमारे पीछे होंगे और हमारा भारत दुनिया की तीसरी बड़ी महाशक्ति बनेगा। इस सबके लिए आवश्यक है कि हम स्वस्थ रहें।'' धनखड़ ने कहा कि आप में कितनी भी प्रतिभा हो, कितनी योग्यता हो, कितना भी कौशल हो, आप स्वस्थ नहीं हैं तो आप कुछ नहीं कर पाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं, स्वच्छता अभियान और आयुष्मान भारत योजना की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि 140 करोड़ की आबादी वाले देश में इस प्रकार की व्यवस्था कायम करना बहुत प्रशंसनीय है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उद्धृत कर अटल जी कहते थे कि देश में दो निशान, दो विधान नहीं चलेंगे और आज यह जमीनी हकीकत है।''

### राज्यपाल आनंदीबेन ने स्वस्थ रहने को स्वच्छता पर जोर दिया

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने संबोधन में लोगों को स्वस्थ रहने की नसीहत देते हुए स्वच्छता पर जोर दिया। उप्र के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा और सांसद सुधांशु त्रिवेदी तथा आयोजक नीरज सिंह ने धनखड़ का स्वागत किया।

## मदनी ने किया मुसलमानों को आर्थिक आधार पर आरक्षण देने का समर्थन

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम समूह) के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि मुसलमानों को तबके (जाति) की बुनियाद पर नहीं, बल्कि समुदाय के सभी तबकों को आर्थिक आधार पर आरक्षण मिलना चाहिए। मदनी ने कहा कि मुसलमानों के हर तबके में पिछड़े लोग हैं। उन्होंने कहा कि जिन्हें 'अशराफ' (मुस्लिमों का उच्च वर्ग) कहा जाता है, उनमें भी गरीब लोग हैं, लिहाज़ा मुस्लिमों को आर्थिक आधार पर आरक्षण मिले।

उन्होंने यह भी साफ किया कि इस्लाम में 'अशराफ' जैसा कुछ नहीं है, और दावा किया कि इस तरह मुसलमानों के एक तबके को लाभ से दूर करने की कोशिश है। कुछ नेताओं द्वारा मुसलमानों के एक वर्ग को अनुसूचित जाति श्रेणी के तहत आरक्षण देने की मांग को लेकर पूछे गए सवाल पर मदनी ने कहा कि हम मुसलमानों को आर्थिक आधार पर आरक्षण देने के समर्थक हैं, (मुसलमानों के लिए) तबके की बुनियाद पर आरक्षण नहीं होना चाहिए।''

### जातिवार जनगणना से पिछड़े तबके को फायदा



मदनी ने जाति आधारित जनगणना का समर्थन करते हुए कहा कि अगर जातिवार जनगणना से पिछड़े तबके को फायदा होता है, तो उसे फायदा पहुंचाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि मुसलमानों के लिए सबसे अहम मुद्दा कौन सा है, तो उन्होंने कहा कि मुसलमानों के लिये सबसे बड़ा मसला नफरत की सियासत है, जिसने उन्हें हर क्षेत्र में पीछे धकेल दिया है।

हिंदू समुदाय ने निकाली भगवा भव्य कार रैली

# अयोध्या में रामलला के आगमन की खुशी पर जश्न में डूबा अमेरिका

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। इसे लेकर पूरे देश में एक उत्साह और उल्लास का माहौल है।

ऐसा ही उत्साह और उल्लास अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों में भी है। यही वजह है कि राम मंदिर के उद्घाटन से पहले अमेरिका में महीने भर तक इसका उत्सव मनाया जाएगा। शनिवार को इस उत्सव की शुरुआत एक विशाल कार रैली से हुई। वॉशिंगटन डीसी के उपनगरीय इलाकों में यह कार रैली निकाली गई।

**खास बातें**

- वॉशिंगटन डीसी के उपनगरीय इलाकों में निकली कार रैली
- विहिप के अध्यक्ष महेंद्र सापा ने कहा अमेरिका में भी उत्सव का माहौल
- राम मंदिर का अयोध्या में अगले महीने उद्घाटन

*अमेरिका में विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष महेंद्र सापा ने बताया कि 500 सालों के हिंदुओं के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम के मंदिर का अयोध्या में उद्घाटन होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर हम अमेरिका में भी उत्सव मना रहे हैं।*





**उत्सव के दौरान ये कार्यक्रम होंगे**

लीला का आयोजन भी कराया जाएगा। साथ ही भगवान श्री राम की कहानियां, भगवान राम की आरती, भजन भी गाए जाएंगे। इस दौरान अमेरिका में पैदा हुए बच्चों को भी भगवान राम के जीवन के बारे में बताया जाएगा। इन उत्सवों के सह-संयोजक और स्थानीय तमिल हिंदू नेता प्रेम कुमार स्वामीनाथन ने कार रैली के दौरान तमिल भाषा में भगवान राम का भजन गाया और साथ ही सभी परिवारों को 20 जनवरी के उत्सव के लिए आमंत्रित किया।

**अमेरिका में महीने भर तक चलेगा उत्सव**

*अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय के कई सदस्य शनिवार को मैरीलैंड के नजदीक स्थित फ्रेडरिक सिटी में श्री भक्त आंजनेय मंदिर में इकट्ठा हुए और राम मंदिर के उद्घाटन की खुशी में कार रैली निकाली। अध्यक्ष महेंद्र सापा ने बताया कि 500 सालों के हिंदुओं के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम के मंदिर का अयोध्या में उद्घाटन होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर हम अमेरिका में भी उत्सव मना रहे हैं। 20 जनवरी को वॉशिंगटन, डीसी इलाके में करीब 1000 हिंदू परिवारों के साथ ऐतिहासिक जश्न मनाया जाएगा।*

**अलग-अलग भाषाओं में बताई महत्ता**

*कार रैली में लोगों ने भी कन्नड़, तेलुगु और अन्य भारतीय भाषाओं में भगवान श्री राम की महत्ता बताई। इस कार रैली का आयोजन कृष्णा गुडीपति ने किया। बता दें कि साल 2019 में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से अयोध्या में राम मंदिर बनने का रास्ता साफ हो गया था।*


**खबर संक्षेप**

## इटली दौरे पर पहुंचे ऋषि सुनक ने दी चेतावनी



**रोम।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सप्ताहांत पर इटली के आधिकारिक दौरे पर हैं। यहां एक कार्यक्रम में उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध प्रवासन से यूरोप के प्रभावित होने का खतरा है। यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों को अपडेट करने का सही समय है।

## अजमेर में कार बनी 'आग का गोला', 3 की मौत



**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर के लोहागल रोड पर एक कार में आग लग गई। हादसे में कार सवार तीन युवकों की जलकर मौत हो गई। वहीं दो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## नासा ने दिखाए अंतरिक्ष में खोए दो टमाटर



**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष में टमाटर उगाए गए थे, लेकिन कुछ महीने पहले उनमें से दो टमाटर अंतरिक्ष में ही कहीं खो गए थे, जो 8 महीने बाद हाल ही में मिले हैं। साल 2022 में अंतरिक्ष यात्री फ्रैंक रुबियो द्वारा अंतरिक्ष स्टेशन पर टमाटरों की फसल काटे जाने से दो टमाटर अंतरिक्ष में खो गए थे।

विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र पर उठाए सवाल

# पुराने क्लब की तरह है यूएनएससी हर कोई इस पर पाना चाहता नियंत्रण



*केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को एक पुराना क्लब बताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद एक पुराने क्लब की तरह है जहां ऐसे सदस्य हैं जो क्लब से अपनी पकड़ छोड़ना नहीं चाहते।*

*परिषद में जमे लोग अधिक सदस्यों को शामिल नहीं करना चाहते*

*दुनिया के सामने प्रमुख मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र कम से कम प्रभावी*

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को एक पुराना क्लब बताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद एक पुराने क्लब की तरह है, जहां ऐसे सदस्य हैं जो क्लब से अपनी पकड़ छोड़ना नहीं चाहते। वे सिर्फ क्लब पर नियंत्रण रखना चाहते हैं। वह इसमें अधिक सदस्यों को शामिल नहीं करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि यह एक मानवीय विफलता है। मुझे लगता है कि आज यह दुनिया को नुकसान पहुंचा रहा है। क्योंकि दुनिया के सामने आने वाले प्रमुख मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र कम से कम प्रभावी होता जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मैं आपको वैश्विक भावना भी बता सकता हूं। मेरा मतलब है, आज अगर आप दुनिया के 200 देशों से पूछें। क्या आप सुधार चाहते हैं या नहीं। इस पर बड़ी संख्या में देश हां कहेंगे।

**खास बातें**

- क्लब में कई ऐसे सदस्य हैं जो अपनी पकड़ छोड़ना नहीं चाहते
- ज्यादातर देश चाहते हैं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार

**कनाडा और अमेरिका के मामले एक जैसे नहीं**

*संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की हत्या की साजिश के आरोपों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दोनों मुद्दे एक जैसे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर कोई जानता है कि भारत एक ऐसा देश है, जहां हम बहुत जिम्मेदार हैं, जो हम करते हैं और हमारे लिए पूरा मुद्दा यह है कि हमने हमेशा इसे बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी देश को कोई चिंता है और वह हमें उसे लेकर कुछ इनपुट या कुछ आधार देता है तो हम उस पर विचार करने के लिए हमेशा तैयार हैं और यही देश करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने कुछ मुद्दे उठाए और उन्होंने हमें कुछ जरूरी बातें बताईं। समय-समय पर अंतरराष्ट्रीय संबंधों में ऐसी चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। हमने बहुत ईमानदारी से कनाडा के लोगों से कहा है कि यह आपके ऊपर है, मेरा मतलब है कि आप चाहते हैं कि हम इसे आगे देखें या नहीं।*

**जयशंकर ने जी-20 को कूटनीतिक उपलब्धि बताया**

*विदेश मंत्री जयशंकर ने हाल ही में भारत में संपन्न हुए जी-20 को कूटनीतिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि जी20 विश्व कप की तरह है, जहां सबसे बड़े और मजबूत खिलाड़ी एक साथ आए। दुनिया के सबसे प्रभावशाली, शक्तिशाली और पारिणामिक देश एक साथ इकट्ठा हुए।*

**जयशंकर ने पाक और चीन को दी नसीहत**

उन्होंने भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों पर कहा कि मैं आपको सुझाव देना चाहूंगा कि पाकिस्तान के साथ संबंध वास्तव में एक अपवाद है। मुझे लगता है कि हमें यह उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि हमारे सभी पड़ोसी हर दिन हमारे साथ सभी मुद्दों पर सहमत होंगे। उन्होंने कहा कि हम निश्चित रूप से चाहेंगे कि चीन के साथ हमारे संबंध आज की तुलना में बेहतर हों, लेकिन अगर पिछले तीन सालों में हालात और कठिन हो गए हैं तो यह हमारे कारण नहीं है। इसलिए कि उन्होंने सीमा पर समझौतों का पालन नहीं करने का चुनाव किया है, लेकिन फिर भी कूटनीति यह है कि आपके पड़ोसी भले ही चुनौतीपूर्ण हों, लेकिन आप कभी हार नहीं मानते।

**निखिल गुप्ता पर लगे आरोप**

उन्होंने बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत से खालिस्तान अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की असफल कथित साजिश की जांच में सहायता करने को कहा है। अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) ने निखिल गुप्ता नाम के एक व्यक्ति के खिलाफ अभियोग दायर किया है। इसमें भारत सरकार के एक कर्मचारी पर खालिस्तान समर्थक अलगाववादी को मारने के लिए पेड किलर को नियुक्त करने के आरोप लगाया गया है। जवाब में विदेश मंत्रालय ने अपने सरकारी अधिकारी के कथित साजिश से जुड़े होने पर चिंता व्यक्त की।

कई राज्यों में बारिश की संभावना:मौसम विभाग

# तमिलनाडु में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात अभी, राहत नहीं



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

देश के अलग-अलग राज्यों में मौसम का मिजाज भी अलग-अलग ही है। उत्तर के पहाड़ी राज्यों में जहां बर्फबारी हो रही है, वहीं मैदानी इलाकों में सर्दी का सितम बढ़ता जा रहा है। देश के दक्षिणी राज्यों में बारिश ने बुरा हाल किया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 18 दिसंबर तक सुदूर दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। इस दौरान तमिलनाडु, केरल और लक्षद्वीप में भारी बारिश की संभावना है। यहां चक्रवात मिचौंग ने कुछ दिन पहले नुकसान पहुंचाया था अब बारिश ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। भारत के मैदानी राज्यों के बात करें तो कई राज्यों में कोहरा छाया रहेगा। आईएमडी चेन्नई के अनुसार तमिलनाडु के कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली, थूथुकुडी और तेनकासी जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है, जबकि रामनाथपुरम, शिवगंगई में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। तमिलनाडु के विरुधुनगर, मयिलादुथुराई, नागापट्टिनम, तिरुवरुर, तंजावुर, पुडुकोट्टई जिले और कराईकल क्षेत्र में भी भारी बारिश के आसार हैं।

**केरल में ऑरेंज अलर्ट जारी**

केरल में मौसम विभाग ने चार जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी करते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने कहा कि तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथानामथिट्टा और इडुक्की जिलों को ऑरेंज अलर्ट के तहत रखा गया है। आईएमडी केरल के अनुसार 18 दिसंबर को भी भारी बारिश के साथ तूफान की चेतावनी केरल के लिए जारी की गई है। थूथुकुडी, तिरुनेलवेली, तेनकासी, कन्याकुमारी और रामनाथपुरम सहित तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों में रविवार की सुबह से भारी बारिश हो रही है। तिरुनेलवेली में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं।

युद्ध से बचने लोग जा रहे थे यूरोप

# लीबिया में जहाज डूबने से 61 प्रवासियों की गई जान



एजेंसी ▶▶ लीबिया

लीबिया में भयानक हादसा हो गया है। जहाज डूबने से 61 प्रवासियों की मौत हो गई है। इसमें कई बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। आईओएम ने जिंदा बचे लोगों के हवाले से बताया कि जहाज पर कुल 86 लोग सवार थे। जहाज लीबिया के ज्वारा शहर से रवाना हुई थी। बता दें कि समुद्र के रास्ते यूरोप पहुंचने के इच्छुक लोगों के लिए लीबिया एक मेजर लॉन्चिंग पॉइंट है। अफ्रीका और मध्य पूर्व में स्थित मुल्कों के लोग अपने यहां हो रहे युद्ध और अशांति से बचने के लिए लीबिया के रास्ते यूरोप जाना चाहते हैं। इन रास्तों पर सैन्य गुटों द्वारा मानव तस्करी नेटवर्क चलाए जाते हैं, जो तटीय क्षेत्रों को नियंत्रित करते हैं। वे प्रवासियों को खतरनाक भूमध्य सागर के माध्यम से जोखिम भरी यात्रा कराते हैं।

**यह कोई पहली घटना नहीं**

*प्रवासियों के डूबने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी इस तरह के मामले कई मामले सामने आए हैं। इसी तरह की एक घटना जून में हुई थी, जब 79 प्रवासी डूब गए थे और सैकड़ों अन्य लापता हो गए थे। फरवरी में एक तूफान के दौरान इटली के कैलाब्रियन तट पर उनकी नाव चट्टानों से टकरा गई थी, जिससे 96 लोगों की मौत हो गई थी. इस तरह के और कई मामले हैं।*

**लीबिया में उथल-पुथल का माहौल**

2011 में हुए नाटो समर्थित विद्रोह के बाद से लीबिया में काफी अस्थिरता है। तानाशाह मोअम्मर गद्दाफी के मारे जाने के बाद से ही लीबिया में उथल-पुथल का माहौल है। 2011 में हुई अरब क्रांति में गद्दाफी को मार दिया गया।

# घर जैसे निजी स्थान पर अन्याय को लेकर कोई संवैधानिक रिक्तता नहीं: सीजेआई

भाषा ▶▶ बेंगलुरु

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि घर उसके निवासियों को निजी सुरक्षित स्थान प्रदान करते हैं, लेकिन जरूरी नहीं है कि उसमें रहने वाले सभी लोगों के साथ समान व्यवहार होता हो। प्रधान न्यायाधीश ने 'सरकार की संवैधानिक अनिवार्यता, सार्वजनिक और निजी स्थानों में भेदभाव को कम करना' विषय पर व्याख्यान में रेखांकित किया कि निजी जीवन में सुधार का लाभ सार्वजनिक जीवन को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि घर जैसे निजी स्थान पर अन्याय के मामले में कोई संवैधानिक रिक्तता नहीं है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ यहां 'नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी', बेंगलुरु द्वारा आयोजित न्यायमूर्ति ई एस वेंकटरमैया शताब्दी स्मृति व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे।



**चुनौतियों को चिह्नित करें और सुधारें :** प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि महिलाओं को कार्यस्थल पर भी भेदभाव का सामना करना पड़ता है, यह उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि लैंगिक आधार पर वेतन विसंगति और भारतीय महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को दूर करने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वकालत में न केवल लैंगिक आधार पर संवेदनशील नीतियां शामिल होनी चाहिए, बल्कि ऐसी पहल भी शामिल होनी चाहिए जो महिलाओं के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों को चिह्नित करें और सुधारें।

## फिनलैंड की नाटो सदस्यता को लेकर भड़के पुतिन

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस साल की शुरुआत में नाटो में आधिकारिक रूप से शामिल होने वाले पड़ोसी देश फिनलैंड को चेतावनी दी है। पुतिन ने कहा अब समस्याएं होंगी। अब मॉस्को इसके जवाब में उत्तर-पश्चिम रूस में एक नया सैन्य जिला बनाएगा। फिनलैंड, जो रूस के साथ 1,340 किमी की सीमा साझा करता है, इस साल अप्रैल में मॉस्को के यूक्रेन हमले के बीच नाटो में शामिल हो गया। इसे पुतिन को बड़ा झटका माना गया है। 20वीं सदी के मध्य में क्षेत्रीय विवादों समेत सभी विवाद लंबे समय से सुलझ चुके हैं। लेकिन अब समस्या होगी, क्योंकि हम लेनिनग्राद सैन्य जिला बनाएंगे। पुतिन ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का दावा बकवास है।









हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25